● जयपुर, शनिवार, 28 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 43 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित


सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद


पेज @3 पर्यटन को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : दिया कुमारी...

पेज @4 मिलेट्स को बढ़ावा मिलने से छोटे किसानों को फायदा, देश की अर्थव्यवस्था...

पेज @8 भाजपा विचार का मंत्र और मजबूत संगठन तंत्र के बल पर सरकार के कार्य को...


रेल्वे का बड़ा ऐलानः

# दीपावली-छठ के लिए चलेंगी 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेन, 1 करोड़ यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली/एजेंसी**

दीपावली और छठ पूजा के दौरान ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इसके अलावा, सौ से ज्यादा ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। रेलवे के इस फैसले से करीब एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

वैष्णव ने शुक्रवार को जानकारी दी कि रेलवे ने दीपावली और छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की हैं। रेलवे करीब 108 ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने जा रही है, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को सफर करने का अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ पूजा के दौरान 12,500 विशेष ट्रेनों का संचालन करने की मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, 2024-2025 में 5,975 ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। रेलवे के अनुसार, इससे 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को दीपावली और छठ पूजा की भीड़ के दौरान घर जाने की सुविधा मिलेगी। आपको बताते चलें, साल 2023 और 2024 में पूजा विशेष ट्रेनों की संख्या 4,429 थी।

इससे पहले 25 सितंबर को आनंद विहार से बरौनी के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की बात कही। स्पेशल ट्रेन 6 अक्टूबर से शुरू होकर 17 नवंबर तक चलेगी। ट्रेन एसी स्पेशल होगी, जो आनंद विहार से लखनऊ होते हुए बरौनी पहुंचेंगी। ट्रेन सुबह 9 बजे आनंद विहार से चलेगी और अगले दिन सुबह 6:30 बजे बरौनी पहुंचेगी। एसी स्पेशल ट्रेन अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर में रुकेंगी। इस ट्रेन में 16 थर्ड एसी, 2 पावर कार समेत 18 कोच होंगे।

बता दें कि हर साल दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। यूपी-बिहार के लोगों के लिए यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होता है। इस दौरान स्थिति ऐसी हो जाती है कि दो-तीन महीने पहले से ही अधिकांश ट्रेन की टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। ट्रेनों में भारी भीड़ होने के कारण यात्रा करना अक्सर मुश्किल हो जाता है।




न्यूज़ अपडेट

## बिहार के बच्चों के अपमान के लिए राज्य के नेता जिम्मेदार : प्रशांत किशोर

**पटना/एजेंसी।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार के युवाओं के साथ दूसरे राज्यों में होने वाले दुर्व्यवहार पर कटाक्ष किया है। उनका कहना है कि नेताओं की वजह से पूरे देश में बिहार के बच्चों को अपमानित किया जा रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि आज पूरे देश में बिहार के लोगों का अपमान हो रहा है। बिहारी व्यक्ति को मूर्ख, अनपढ़ और मजदूर समझा जाता है। आज बिहारी शब्द गाली बन गया है। पूरे देश में बिहार के बच्चों का जो अपमान हो रहा है, उसके लिए बिहार के नेता जिम्मेदार हैं।



बिहार के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार ज्ञान की धरती रही है। दुनिया भर से लोग शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने के लिए बिहार आते थे। बिहार के नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय पूरी दुनिया में प्रसिद्ध थे। उन्होंने कहा कि बिहार वह धरती है जहां देवताओं ने भी ज्ञान प्राप्त किया। एक समय था जब पूरे देश पर बिहार से शासन होता था। लेकिन, बिहार के नेताओं के 'जंगलराज' और 'अफसर राज' का नतीजा है कि आज बिहार के बच्चे और युवा महज 10 से 12 हजार रुपये के लिए पूरे देश में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्हें अपना घर-परिवार छोड×कर दूसरे राज्यों में मजदूरी करनी पड़ती है और उसके साथ ही अपमान और दुर्व्यवहार सहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि जन सुराज का संकल्प है कि इस व्यवस्था को बदला जाए। बिहार के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि कोई उन्हें अनपढ़ और मूर्ख कहकर अपमानित न करे। प्रशांत किशोर दो अक्टूबर को राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में बिहारी छात्रों के साथ दुर्व्यवहार का एक वीडियो वायरल होने के बाद बिहार की सियासत गर्म है।

# जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक कोई भी आरक्षण समाप्त नहीं कर सकताः अमित शाह



**रेवाड़ी/एजेंसी**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रेवाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ये कांग्रेस हमेशा सेना का अपमान करती है। यही कांग्रेस पार्टी है जिसने सेना अध्यक्ष को गुंडा कहने का दुस्साहस किया था। कांग्रेस ने कभी सेना का सम्मान नहीं किया, उन्होंने भ्रांतियां फैलाने का काम किया। अभी एक भ्रांति फैला रहे हैं कि अग्निवीर से जो बच्चे वापस आएंगे उन्हें वैसे ही छोड़ दिया जाएगा... हरियाणा का एक भी अग्निवीर पेंशन वाली नौकरी के बिना नहीं रहेगा। ये भाजपा का वादा है। भारत सरकार और हरियाणा सरकार मिलकर जितने भी अग्निवीर आएंगे सभी को पक्की पेंशन वाली सरकार नौकरी देने का निर्णय पीएम मोदी ने लिया है। शाह ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा राहुल बाबा, विदेश जाकर कहते हैं कि हम एसटी-एसटी-ओबीसी समुदाय का आरक्षण समाप्त कर देंगे। ये हम पर आरोप लगाते थे कि हम आरक्षण समाप्त करने वाले हैं और अमेरिका जाकर अंग्रेजी में बोलकर आए कि आरक्षण समाप्त कर देंगे। राहुल बाबा, कैसे समाप्त कर दोगे, सरकार हमारी है और मैं कह देता हूं कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक आप आरक्षण समाप्त नहीं कर सकते हैं। अमित शाह ने कहा राहुल बाबा को अभी किसी एनजीओ ने पकड़ा दिया है कि एमएसपी बोलने से वोट मिल जाएंगे। राहुल बाबा, एमएसपी का फुलफॉर्म मालूम है आपको? खरीफ और रबी की फसल कौन सी है, क्या आपको मालूम है। पूरे देशभर में कांग्रेस की जो सरकारें चल रही हैं, एमएसपी के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद कीजिए। हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों से 24 फसलें एमएसपी पर खरीद रही है। हरियाणा में कांग्रेस के नेता एक बार बता दें कि देश में आपकी कौन सी सरकार एमएसपी पर 24 फसल खरीदती है?हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था। भाजपा सरकार में न डीलर बचे न ही दलाल बचे, दामाद का तो सवाल ही नहीं है।

## भाजपा लोकतंत्र, संविधान और भारत की आत्मा की हत्या कर रही : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्टैंडिंग कमेटी के 18वें सदस्य के लिए होने वाले चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी को भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टी बताया है। उन्होंने चुनाव से पहले एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।

सिसोदिया ने अधिकारों की बात कही। बोले, भाजपा पूरी तरह से लोकतंत्र को तार-तार कर रही है। भाजपा लोकतंत्र, संविधान और भारत की आत्मा की हत्या के रोज नए-नए कारनामे कर रही है। गुरुवार को दिल्ली की मेयर ने चुनाव कराने की कोशिश की लेकिन भाजपा के लोगों ने इसे होने नहीं दिया। इस पर हमारी मेयर ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए चुनाव की अगली तारीख तय कर दी। यह मेयर के संवैधानिक अधिकारों के अंतर्गत आता है। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम ने आगे कहा, उपराज्यपाल ने कमिश्नर को आदेश दिया कि यह चुनाव रात 10 बजे तक पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में चुनाव होना चाहिए। मेयर अनुपस्थित हों तो डिप्टी मेयर से चुनाव करवा लिए जाएं। डिप्टी मेयर न मिले तो किसी भी काउंसलर को पकड़ कर चुनाव करवा लिए जाएं। वहां पर बीजेपी के लोग रात भर बैठे रहे। बाकी सारे आप और कांग्रेस के काउंसलर अपने-अपने घर चले गए, लेकिन भाजपा के काउंसलर रात भर वहां बैठे रहे। सिसोदिया ने इस प्रक्रिया को देश के लिए खतरनाक बताया। कहा, इसके बाद भगवान ने उन्हें बुद्धि दी। उन्होंने चुनाव टाल दिया। रात में 10 बजे चुनाव नहीं कराया। वह अब दोपहर 1 बजे तक चुनाव करवा रहे हैं। यह भाजपा का कोई षडयंत्र है। इतने समय में क्या लुटा जा रहा है। कुछ तो है, जिसकी वजह से इन लोगों में इतनी बौखलाहट है कि रात में 10 बजे चुनाव कराने की जल्दी थी। अब इससे बड़ी लोकतंत्र हत्या क्या होगी, वह कह रहे हैं कि मेयर, डिप्टी मेयर, सीनियर काउंसलर को ही छोड़ कर एमसीडी के एडिशनल कमिश्नर से चुनाव करवा लो। यह देश के लिए बहुत खतरनाक है। यह सब कैसे हो सकता है? दिल्ली नगर निगम चुने हुए लोगों की इकाई है। ज्ञात हो कि नगर निगम एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव पिछले डेढ़ साल से किसी न किसी कारण से टलता रहा है। 26 सितंबर को ही चुनाव कराया जाना था, लेकिन मेयर शैली ओबेरॉय ने इसे पांच अक्टूबर तक के लिए टाल दिया था।



## देश में मंकी पॉक्स का आया तीसरा मामला

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

देश में वायरल इंफेक्शन मंकी पॉक्स का खतरा एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा मामला केरल का है, जहां मंकी पॉक्स का दूसरा मरीज मिला है। देश में मंकी पॉक्स का यह तीसरा मामला है। 26 वर्षीय यह युवक हाल ही में दुबई से केरल के एर्नाकुलम लौटा है। तेज बुखार आने पर परीक्षण करने पर मंकी पॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है।

केरल से स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मरीज की हालत स्थिर है और उसे आइसोलेशन में रखा गया है। मरीज के सैंपल को पुणे स्थित एनआईवी लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया है। इससे पहले 18 सितंबर को भी केरल के मल्लपुरम निवासी एक व्यक्ति के मंकी पॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। यह व्यक्ति यूएई के दुबई से लौटा था ।उसकी जांच में भी मंकी पॉक्स के संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उसके सैंपल में मंकी पॉक्स क्लैड आईबी स्ट्रेन पाया गया था, जिसे बेहद ज्यादा संक्रमण फैलाने वाला और जानलेवा स्ट्रेन घोषित किया जा चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे चिंताजनक स्ट्रेन घोषित किया है। इससे पूर्व देश का पहला मंकी पॉक्स का मामला दिल्ली में रिपोर्ट हुआ था, जहां जांच में एक व्यक्ति का सैंपल पॉजिटिव पाया गया था।। उसके सैंपल में क्लैड 2 स्ट्रेन मिला था, जो कम घातक और कम संक्रमण फैलाने वाला है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी



### केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

मंकी पॉक्स के मामले पर लगाम लगाने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को एडवाइजरी जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने कहा है कि मंकी पॉक्स के मामले सामने न आएं, इसके लिए राज्यों को सावधानी बरतने के साथ तेजी से कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंकी पॉक्स के सभी मरीजों के सैंपलों को जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरलॉजी में भेजने के निर्देश दिए हैं।

यात्रा ग्रीस पहुंचे नौसेना प्रमुख का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ स्वागत

# भारत और ग्रीस ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आधिकारिक यात्रा पर ग्रीस पहुंचे नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी का एथेंस के पापागोस कैंप में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हेलेनिक नेवी जनरल स्टाफ के प्रमुख वाइस एडमिरल दिमित्रियोस ई कटारस ने स्वागत किया। चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन एडमिरल त्रिपाठी ने ग्रीस के नौसेना प्रमुख से समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और दोनों नौसेनाओं की साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति जताई।

यह पहला मौका है जब भारत के किसी नौसेना प्रमुख की ग्रीस यात्रा है। दोनों प्रमुखों ने परिचालन बातचीत में समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाकर और स्थिर करने एवं सुरक्षित समुद्री वातावरण के लिए साझा लक्ष्यों को सुव्यवस्थित कर-के नौसेना से नौसेना की साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करके सहमति जताई। इसके अलावा अंतर-संचालन और क्षमता निर्माण को बढ़ाने पर जोर देने के साथ-साथ प्रशिक्षण सहयोग को आगे बढ़ाने के रास्ते भी तलाशे गए। विशिष्ट प्रौद्योगिकियों एवं रक्षा उद्योग के अवसरों में सहयोग पर भी विचार-विमर्श किया गया।



दोनों नौसेनाओं ने प्रशिक्षण सहयोग आगे बढ़ाने के रास्ते भी तलाशे

### भारत-यूनानी रक्षा सहयोग के मुद्दे पर भी हुई चर्चा

नौसेना प्रमुख ने ग्रीस के रक्षा उप मंत्री इयोनिस केफालोगियानिस और हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल क्रिस्टोस सासियाकोस से भी मुलाकात की। यह मुलाकात भूमध्य सागर और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में रक्षा संबंधों को मजबूत करने और मजबूत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा में खुले समुद्री व्यापार मार्गों की महत्ता पर ध्यान केंद्रित किया गया। रणनीतिक नौसैनिक अवसरों, क्षमता निर्माण, साझा प्रशिक्षण पहलों और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने पर भारत-यूनानी रक्षा सहयोग के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

### नौसेना सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की 29 सितंबर तक की यह यात्रा भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें नौसेना सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनकी इस यात्रा से दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे आपसी हितों के क्षेत्रों में सहयोग में वृद्धि होगी। चचाओं में रक्षा सहयोग के व्यापक क्षेत्रों, विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण पहल और दोनों नौसेनाओं के बीच भविष्य में परिचालन सहयोग के मौके तलाशे जाने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी सलामिस खाड़ी, हेलेनिक नौसेना बेड़े के बेस के साथ-साथ हेलेनिक नौसेना अकादमी का दौरा करेंगे। हेलेनिक नौसेना ने उन्हें अपनी संपत्तियों के प्रदर्शनों से ग्रीस की नौसेना क्षमताओं और प्रशिक्षण पद्धतियों से परिचित कराने की योजना बनाई है। हेलेनिक नौसेना प्रमुख प्रसिद्ध जॉर्जियोस एवेरोफ, हेलेनिक नौसेना संग्रहालय जहाज पर भारतीय सीएनएस की मेजबानी करेंगे, जिससे उन्हें ग्रीस के समृद्ध समुद्री इतिहास और नौसेना विरासत की झलक मिलेगी।

## हाथरस में स्कूल की तरक्की के लिए दी गई 11 साल के बच्चे की बलि, 5 आरोपी गिरफ्तार

**हाथरस/एजेंसी।** यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या मामले में पुलिस ने घिनौनी घटना का खुलासा किया है। जानकरी के अनुसार, स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी गई।

सहपऊ पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना रासगवां गांव स्थित एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल से संबंधित है। दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ कुशवाहा (11 साल) की हत्या गला दबाकर की गई थी। छात्र का शव स्कूल प्रबंधक की कार से बरामद किया गया था। इस मामले में कई लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मृतक के पिता कृष्ण कुमार की ओर से 23 सितंबर को सहपऊ थाना में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए थाना सहपऊ पुलिस को निर्देश दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राम प्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल, जशोधन सिह उर्फ भगत, लक्ष्मण सिंह, और वीरपाल सिंह उर्फ वीरू शामिल हैं। सभी आरोपी अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, इस घटना की जड़ स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल के पिता जशोधन सिंह से है, जो तंत्र-मंत्र करता था। स्कूल प्रबंधक और उसके पिता ने बच्चे की हत्या इसलिए की क्योंकि उनका मानना था कि बच्चे की बलि देने के बाद उनका स्कूल और काम धंधा अच्छा चलने लगेगा। उन्होंने स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि यह एक भयानक और निंदनीय कृत्य है। सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस पूरे मामले में अब आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है, आगे की जांच जारी है।

# विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में अब भारत तीसरे स्थान पर

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। ''एशिया पावर इंडेक्स 2024'' नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहले ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्षम विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर 'क्वाड' के सदस्य देश हैं – अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है।

भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़ कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ोसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है।

कोरोना के खंडकाल एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है।

अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है।

# अमेरिका में भारतीय प्रतिष्ठा का संवर्धन



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय और क्षेत्रीय दृष्टि से उपयोगी साबित हुई।

उन्होंने अपने अनेक कार्यक्रमों के मध्यम से दुनिया की वर्तमान समस्याओं को उठाया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। यहां चीन और पाकिस्तान जैसे देश भी उपस्थित थे। जो दुनिया को समस्याएं तो दे सकते है, लेकिन किसी समस्या का समाधान उनके पास नहीं है। चीन तो जिस देश की समस्या सुलझाने के नाम पर हस्तक्षेप करता है, उसी को अपने जाल में फंसा लेता है। पाकिस्तान उसके ऋण जाल में ऐसा उलझा है कि उससे निकलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा है। अफगानिस्तान में तालिबान को सहायता देकर चीन ने वहां के प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण जमाने का प्रयास किया है। श्रीलंका को सहायता दी तो कोलंबो में हस्तक्षेप करने लगा। नेपाल को सहायता दी तो कम्युनिस्ट पार्टी के माध्यम से वहां भी नियंत्रण का काम किया। विडंबना यह कि विस्तारवादी मानसिकता से ग्रसित चीन संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है। इसके भरोसे दुनिया में शांति स्थापित करने का सिद्धांत बनाया गया। व्यवहार में इसका उल्टा हो रहा है। इसके अलावा विकसित देशों ने अपनी उपभोगवादी सभ्यता को विकास का आधार बनाया। इसके लिए प्राकृतिक संसाधनों को बेहिसाब दोहन किया गया। विकास तो हुआ। लेकिन पर्यावरण संकट खतरे के बिंदु से ऊपर निकलने लगा। इस संकट से निकलने का पश्चिमी देशों के पास कोई समाधान नहीं है। लेकिन मानव के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए समाधान तो ढूंढना पड़ेगा। इसका एक मात्र समाधान भारतीय चिंतन में है। दुनिया ने भारतीय विचारों पर पहले अमल किया होता तो आज पर्यावरण और आतंकवाद का संकट समाप्त हो जाता।

क्वाड समूह चीन की घेरने की रणनीति के तहत बनाया गया है। वहीं चीन की दूसरी तरफ से घेराबंदी के लिए ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका ने बीते दिनों एक त्रिपक्षीय सुरक्षा समझौते का एलान किया था। इसे ऑकस नाम दिया गया है। क्वाड और ऑकस के उद्देश्य अलग हैं। क्वाड का गठन हिंद प्रशांत क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने के लिए किया गया है। जबकि ऑकस तीन देशों के बीच सुरक्षा गठबंधन है। हिंद महासागर में सुनामी के बाद भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने आपदा राहत प्रयासों में सहयोग करने के लिए एक अनौपचारिक गठबंधन बनाया था। चीन की हरकत बढ़ने पर चारों देशों ने क्वाड को पुनर्जीवित किया। इसके उद्देश्यों को व्यापक बनाया। इसके तहत एक ऐसे तंत्र का निर्माण किया जिसका उद्देश्य एक नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करना है। चारों देश एशिया प्रशांत क्षेत्र में चीन को रोकने का काम करेंगे। जापान और भारत ने क्वाड बनाने की पहल की थी।भारत ने दुनिया को कल्याण का मार्ग दिखाया है। नरेंद्र मोदी का संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में संबोधन इसी विचार के अनुरूप था। संकुचित व असहिष्णु विचारों ने दुनिया में अनेक समस्याओं को जन्म दिया है। आतंकवाद का विस्तार इसका प्रमाण है। जबकि परस्पर सहयोग से अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी देशों को वीटो पावर हासिल है। भारत इसका स्थायी सदस्य नहीं है। लेकिन विश्व को शांति सौहार्द व सहयोग का सन्देश भारत की तरफ से मिल रहा है।

नरेंद्र मोदी के विचार मानव कल्याण के मार्गदर्शक के रूप में रहे। नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए खतरा बताया। आतंक के कारण दुनिया के अनेक क्षेत्रों में हिंसा का माहौल है। अफगानिस्तान



में तो आतंकियों के वर्चस्व वाली सरकार है। विश्व शांति के लिए ही संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य शांति सौहार्द व सहयोग कायम करना था। पांच महाशक्तियों को वीटो पावर दिया गया। अनेक मसलों पर इसने अपनी जिम्मेदारी का समुचित निर्वाह नहीं किया। भारत को मदर आफ डेमोक्रेसी का गौरव हासिल है। लोकतंत्र की हमारी हजारों वर्षों की महान परंपरा रही है। विविधता में एकता भारत की विरासत है। भारत वाइब्रेंट डेमोक्रेसी का बेहतरीन उदाहरण है। अमेरिका ने कहा कि वह क्वाड में भारत को अगुआ के रूप में देखता है। चार देशों के इस समूह में उसकी भूमिका के लिए आभार व्यक्त करता है। जब भारत की अपेक्षित भूमिका की बात आती है तो हम क्वाड के भीतर उसे अगुआ के रूप में देखते हैं। अगले वर्ष

भारत क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा। नरेन्द्र मोदी ने क्वाड शिखर सम्मेलन में कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है। क्वाड के नेता नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान में खड़े हैं। दुनिया में संघर्ष चल रहा है और क्वाड हर संघर्ष का शांतिपूर्ण सम्माधान चाहता है। नरेन्द्र मोदी विलमिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन,ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और जापानी पीएम फोमियो किशिदा के साथ क्वाड समिट में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि क्वाड की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में क्वाड के साथ मिलकर चलना पूरी मानवता के लिए बहुत जरूरी है। स्वतंत्र खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है। हमने मिलकर स्वास्थ्य, सुरक्षा, उभरती टेक्नोलॉजी और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहल की है। क्वाड सदस्य देश नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।

क्वाड नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका की सराहना की है। हिंद महासागर में भारत की नेवी लगातार एक्टिव है। हूती विद्रोहियों से जहाजों की सुरक्षा से लेकर हाईजैक जहाजों को डाकुओं से छुड़ा कर भारत ने अपनी ताकत दिखाई है। क्वाड सुरक्षा सहयोग संगठन है। इसका उद्देश्य हिंद और प्रशांत महासागर में शांति और सहयोग को बढ़ावा देना और चीन की विस्तारवादी नीतियों का प्रतिरोध करना है। नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर परीक्षण, स्क्रीनिंग और निदान के लिए साढ़े सात मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की।सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, रोग का पता लगाने और उपचार के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडेन की इस विचारशील पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इंडो-पैसिफिक देशों में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में लंबा रास्ता तय करेगा। भारत देश में बड़े पैमाने पर सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी चला रहा है। भारत के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रयासों की बात करते हुए। भारत ने सर्वाइकल कैंसर का टीका विकसित किया है और इस बीमारी के लिए एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है।

भारत इंडो पैसिफिक में कैंसर की रोकथाम के लिए रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करेगा। भारत से वैक्सीन की चालीस मिलियन खुराक की आपूर्ति से इंडो-पैसिफिक देशों को लाभ होगा। भारत डबल्यूएचओ की डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल में अपने दस मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के माध्यम से कैंसर की जांच, देखभाल और निरंतरता के लिए डीपीआई पर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में इच्छुक देशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा।

कैंसर मूनशॉट पहल के माध्यम से क्वाड नेताओं ने इंडो-पैसिफिक देशों में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की देखभाल और उपचार पारिस्थितिकी तंत्र में अंतराल को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के दौरान फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से यहां हुई मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेता यहां के लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में मिले। दोनों कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। फिलिस्तीन के लोगों के साथ दीर्घकालिक मित्रता को और मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत इजराइल फिलिस्तीन संघर्ष पर दो राज्य समाधान पर विचार कर रहा है। नरेंद्र

मोदी ने बदलते भारत की तस्वीर भी सबके सामने रखी। उन्होंने कहा कि बीते दस साल में भारत में हर सप्ताह एक यूनिवर्सिटी बनी है। हर दिन दो नए कॉलेज बने और एक नई आईटीआई की स्थापना हुई है। इंफ्रास्ट्रक्टर की बात करें तो आज हमारे रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट सोलराइज हो रहे हैं। भारत में बहुत बड़ी संख्या में ग्रीन जॉब पैदा हो रहे हैं। भारत एजुकेशन, स्कील,रिसर्च की ओर से आगे बढ़ रहा है। भारत ने ग्रीन ट्रांजेशन का रास्ता चुना है। प्रकृति प्रेम के संस्कारों ने हमें गाइड किया है, इसलिए हम सोलर, ग्रीन हाइड्रोन, न्यूक्लियर एनर्जी पर इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं।

तक भारत में सेमी कंडक्टर यूनिट भी शुरू हो चुकी है। वो दिन दून नहीं जब आप मेड इंडिया चिप अमेरिका में भी देखेंगे। भारत में लोगों के फोन में ई वॉलेट है। भारतीय अब अपने डॉक्यूमेंट्स फिजिकल फोल्डर में नहीं रखते हैं,उनके पास अब डिजिलॉकर है। मेड इन इंडिया टेक्नोलॉजी पर काम किया। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मेन्युफैक्चरर है मोबाइल एक्सपोर्टर है। भारत ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का नया कॉन्सेप्ट दुनिया को दिया है।

नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में भारतीय समुदायों को संबोधित किया। कहा कि भारत आज वैश्विक विकास, शांति,जलवायु कार्रवाई,कौशल और सप्लाई चैन मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। आज भारत कुछ कहता है तो दुनिया सुनती है। 'मोदी एंड अमेरिका' कार्यक्रम में मोदी मोदी की गूंज हुई। प्रधानमंत्री ने तीसरी बार देश में सत्ता वापसी को ऐतिहासिक बताया। विजन से जोड़ते हुए इसे 'पुष्प' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि 'पुष्प' पीयूएसएचपी का अर्थ प्रोग्रेसिव इंडिया, अनस्टॉपेबल इंडिया, स्पिरिचुअल इंडिया, 'मैनिटी फर्स्ट इंडिया और प्रॉस्पर इंडिया है। अर्थात भारत प्रगति, निरंतरता, आध्यात्मिकता, मानवता और समृद्धि के मूल्य और सपनों के साथ आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के शीर्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल मीटिंग में कहा कि भारत पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। यह लक्ष्य हम अपने तीसरे कार्यालय में हासिल कर लेंगे। आज हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर डेढ़ सौ बिलियन डॉलर से अधिक का है। भारत इंडस्ट्री के साथ जितना सहयोग हो सकता है वह करने के लिए तैयार हैं। भारत पिछले दस साल से भारत रिफॉर्म,परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र को लेकर आगे चल रहा है।

# जीवन में शांति का एक मात्र जरिया 'पर्यटन'



देवानंद राय

स "रफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है" यह लाइनें हमारे देश के बच्चे-बच्चे को रटी हुई है जिससे जब भी सुनकर, पढ़कर,बोलकर देखें तो एक नया जोश आ जाता है क्योंकि यह पंक्तियां भारत के वीर सपूतों और क्रांतिकारियों से जुड़ी हुई हैं भारत को यूं ही वीरों की धरती नहीं कहा जाता यहां पर अलग-अलग कालखंड में जन्मे वीर सपूतों ने अपने कर्मों से अपने शौर्य से पूरे देश को गौरवान्वित किया है आज एक ऐसे व्यक्तित्व की जयंती है जिसके नाम मात्र से अंग्रेजी सरकार की रूह कांप जाया करती थी जिसका नाम सुनकर आज भी खून में उबाल आ जाता है और सीना फक्र से चौड़ा हो जाता है जो जो इस देश के हर एक व्यक्ति, हर एक पीढ़ी का हीरो है जिनकी टोपी से लेकर, मूछों तक लोग आज भी कॉपी करते हैं और उनके कहे हुए अमर शब्द तो अब भी हर किसी के में एक नया जुनून जगा देते हैं आज महान क्रांतिकारी भगत सिंह का जन्मदिन है। क्रांतिकारी भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर, 1907 को पंजाब के जिला लायलपुर के बंगा गांव जो वर्तमान पाकिस्तान में है उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था। 1923 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद उनके विवाह की तैयारियां होने लगी तो वह लाहौर से भागकर कानपुर आ गए। फिर देश की आजादी के संघर्ष में ऐसे रमें कि पूरा जीवन ही देश को समर्पित कर दिया। और कहा 'दुल्हन' मेरी दुल्हन नहीं होगी, आजादी मेरी दुल्हन होगी होगी'। अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह की सोच पर इतना गहरा प्रभाव डाला कि लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आजादी के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की। काकोरी कांड में रामप्रसाद 'बिस्मिल' सहित चार अन्य क्रांतिकारियों को फांसी व सोलह अन्य को कारावास की सजा से वे इतने ज्यादा बेचैन हुए कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के साथ उनकी पार्टी हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए और उसे एक नया नाम दिया 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन'। इस संगठन का उद्देश्य सेवा, त्याग और पीड़ा झेल सकने वाले नवयुवक तैयार करना था। इसके बाद भगत सिंह ने राजगुरु के साथ मिलकर 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक रहे अंग्रेज अधिकारी जेपी सांडर्स को मारा। इस कार्रवाई में क्रां-तिकारी चंद्रशेखर आजाद ने भी उनकी पूरी सहायता की। इसके बाद भगत सिंह ने अपने क्रांतिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर अलीपुर रोड़ दिल्ली स्थित ब्रिटिश भारत की तत्कालीन सेंट्रल असेंबली के सभागार में 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेज सरकार को जगाने के लिए बम और पर्चे फेंके। बम फेंकने के बाद वहीं पर उन दोनों ने अपनी गिरफ्तारी भी दी।पीएम मोदी ने पिछले वर्ष मन की बात में उनके 113वीं जयंती पर कहा था क्या आप कल्पना कर सकते हैं, एक हुकूमत, जिसका दुनिया के इतने बड़े हिस्से पर शासन था, इसके बार में कहा जाता था कि उनके शासन में सूर्य कभी अस्त नहीं होता इतनी ताकतवर हुकूमत, एक 23 साल के युवक से भयभीत हो गई थी सच में भगत सिंह में कुछ तो ऐसा था जो उन्हें औरों से अलग करता था और उनकी निर्भीकता देश के लिए कुछ करने का जुनून अंग्रेजों को हर पल डराता था। लाहौर षडयंत्र के मुकदमें में भगत सिंह को और उनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव को 23 मार्च, 1931 को एक साथ फांसी पर लटका दिया गया। यह माना जाता है कि मृत्यु दंड के लिए 24 मार्च की सुबह ही तय थी, लेकिन लोगों के भय से डरी सरकार ने 23-24 मार्च की मध्यरात्रि ही इन वीरों की जीवनलीला समाप्त कर दी और रात के अंधेरे में ही सतलज के किनारे उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया। भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वो वह इस देश के युवाओं के लिए हमेशा एक प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। हम भगत सिंह बन पाएं या न बन पाएं, लेकिन भगत सिंह जैसा देश प्रेम, देश के लिए कुछ कर-गुजरने का जज्बा, जरूर हम सबके दिलों में हो शहीद भगत सिंह को यही हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगा। अमर शब्दों के साथ उन्हें शत-शत नमन करता हूं कि

**''लिख रहा हूं मैं अंजाम आज,**
**जिसका कल आगाज आएगा,**
**मेरे लहू का हर एक कतरा**
**इंकलाब लाएगा,**
**मैं रहूं या न रहूं मगर वादा है**
**तुमसे ये मेरा,**
**मेरे बाद वतन पे मिटने वालों का**
**सैलाब आएगा''**

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट



ललित गर्ग

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। चिंता यह भी कि यदि रैंडम सैम्पलिंग में ये दवाइयां पकड़ी नहीं जाएं तो इनकी खुलेआम बिक्री लोगों की सेहत पर खतरा बन कर मंडराती रहती हैं। एक तरफ सीडीएससीओ ने दवाओं की सुगम आपूर्ति के लिए अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा व यूरोपीय संघ के कुछ चुनिंदा देशों से आयातित दवाओं को नियमित नमूना परीक्षण से छूट दी है, वहीं देश के बाजारों में पहुंची दवा निर्माता कंपनियों की दवाओं में मिलने वाली यह खोट हमारी छवि पर विपरीत असर डालने वाली है।

दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्द निवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन-संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है। यह कैसी विडम्बना एवं विसंगतिपूर्ण दौर है जिसमें जिसको जहां मौका मिल रहा है, वह लूटने में लग हुआ है, यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ तब तक ही ईमानदार है जबतक उसको चोरी करने का या लूटने का मौका नहीं मिलता। हद तो तब है जब कई जगह जीवनरक्षक इंजेक्शनों की जगह नकली इंजेक्शन तैयार करने की खबरें भी आती रहती हैं। हम कितनें लालची एवं अमानवीय हो गये हैं, हमारी संवेदनाओं का स्रोत सूख गया है, तभी अपना ईमान बेच कर इंजेक्शन में पैरासिटामोल मिलाकर बेचने लगते हैं, हम तो अपनी तिजोरियां भरने के लिए जिंदा इंसानों को ही नोच रहे हैं, कहाँ लेकर जाएंगे ऐसी दौलत या फिर किसके लिए? यह कैसी मानवीयता है?

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। सरकार का व्यवस्था पर नियंत्रण कमजोर होता दिख रहा है। आम आदमी जाए तो कहां जाये? विश्व को श्रेष्ठ, नैतिक एवं मानवीय बनने का उपदेश देने वाला देश आज कहां खड़ा है? आज इन मूल्यों एवं संवेदनाओं की दृष्टि से देश कितना खोखला एवं जर्जर हो गया है। आज भौतिक एवं स्वार्थी मूल्य अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा चुके हैं कि उन्हें निर्मूल करना आसान नहीं है। मनुष्य का संपूर्ण कर्म प्रदूषित हो गया है। सारे छोटे-बड़े धंधों में अनीति प्रवेश कर गई है। अमानक दवाओं का बढ़ता बाजार एक कलंक बनकर उभरा है। निस्संदेह यह संकट जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। ऐसे में सरकारों को दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी होगी।

# पर्यटन को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : दिया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में विश्व पर्यटन दिवस पर अल्बर्ट हॉल पर हुआ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 27 सितम्बर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार (27 सितम्बर) को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से अल्बर्ट हॉल पर राजस्थानी लोक कारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सराबोर सांस्कृतिक संध्या आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को जयपुर घराने का परम्परागत कथक व राजस्थानी लोक नृत्यों की जुगलबंदी ने दर्शकों को आनंदित किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान कालबेलिया व घूमर नृत्य की भी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट कोरियोग्राफी को खूब सराहा गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया कन्टेन्ट क्रिएटर्स को सम्मानित किया। इसके पूर्व उन्होंने आरटीडीसी जोधपुर के मारवाड हॉल का वर्चुअल उद्घाटन किया।

उपमुख्यमंत्री ने विश्वपर्यटन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें राजस्थान के पर्यटन, कला एवं संस्कृति पर गर्व है। हम राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाएंगे, राजस्थान को पूरी दुनिया में पर्यटन में नम्बर एक बनाएंगे। इसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का महत्वपूर्ण रोल होगा।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति को जयपुर यात्रा की यात्रा करवाकर, जयपुर की वैश्विक ब्रांड इमेज को चर्चा में ला दिय था। उन्होंने कहा कि जब किसी देश का राष्ट्र अध्यक्ष या और कोई बड़े व्यक्तित्व पर्यटक स्थल पर आते हैं और फोटो खिचवाते हैं तो उस देश के आम लोगों में उस स्थान के प्रति उत्सुकता बढ़ जाती है, उस स्थान पर पर्यटन एका एक बढ़ जाता है।





उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा की आज का जमाना सोशल मीडिया का है।सोशल मीडिया के माध्यम से इन्फ्लुएंसर्स किसी भी स्थान पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्षम हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा किसी भी पर्यटन स्थल का फोटो वीडियो बनाकर उसे त्वरित प्रभाव से आम लोगों तक पंहुचा दिया जाता है। उन्होंने यूथ का आह्वान किया कि वें हमारे राजस्थान पर्यटन के अम्बेसेडर के रूप में सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से पर्यटन स्थल को आगे बढ़ाएं।

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की इकॉनमी में पर्यटन की भागीदारी स्टेट जीडीपी की क़रीब 15% तक है। उन्होंने कहा कि हमारे महल, किले, बावड़ियों ऐतिहासिक स्मारकों के साथ ही हमारे यहां रूरल टुरिज्म, वाइल्डलाइफ टुरिज्म में भी पर्यटन के बहुत अवसर हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस साल 2024 में वर्ल्ड टूरिज्म डे की थीम टूरिज्म एन्ड पीस रखी गई है। उन्होंने कहा कि दुनियां में शांति से ही पर्यटन का विकास संभव है।

दिया कुमारी ने कहा कि इस साल राईजिंग राजस्थान और अगले साल मार्च 2025 में IIFA Award भी राजस्थान के पर्यटन के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। निवेशकों द्वारा आने वाले राईजिंग राजस्थान समिट में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जाकर राज्य की आर्थिक सफलता की कहानी में भागीदार बना जा सकता है। इसी प्रकार IIFA अवाड्र्स से राज्य में पर्यटन का विकास होगा।

दिया कुमारी ने कहा कि जयपुर का चार दीवारी शहर हमारी धरोहर है, युनेस्को की हेरिटेज साइट है। हम जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारे चार दीवारी शहर की विरासत को संरक्षित करें इसे विरुपित होने से बचाएं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इस अवसर पर कहा कि पर्यटन से हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, अनूठी कला एवं संस्कृति को दुनिया में साझा करने का अवसर तो मिलता ही हैं, साथ ही हजारों, लाखो युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी मिलते हैं।

दिया कुमारी ने कहा कि हम सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से भी ब्रांड राजस्थान को प्रमोट कर रहे है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही एक पर्यटन का ऐप शुरु किया जाएगा। हम तकनीक, मीडिया और सोशल मीडिया, मार्केटिंग तथा प्रचार प्रसार तथा बेहतर नीतियों और योजनाओं के माध्यम से राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाएंगे।

शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग श्री रवि जैन ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि राजस्थान और पर्यटन एक दूसरे के पर्याय है। हमारी विरासत को देखने हजारों लाखों पर्यटक आते हैं। हमें पर्यटन के विकास में बहुत कुछ किया है और बहुत कुछ और भी किये जाने की आवश्यकता है। हमारे पास पर्यटन की दृष्टि से बहुत संसाधन हैं। जिनका उपयोग करके हम पर्यटन में और आगे बढ़ेंगे।

शासन सचिव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में बहुत सारी योजनाएं बना रहे हैं, पर्यटन यूनिट नीति तथा कई अन्य नीतियों को तैयार कर जल्दी लागू किया जाएगा। हमारे यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। राईजिंग राजस्थान से प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और राजस्थान पर्यटन का अग्रणी राज्य बनेगा।

इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक श्रीमती सुषमा अरोड़ा, पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी, निदेशक पुरातत्वपंकज धरेन्द्र, पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुश्री सुमीता सरोच, श्रीमती पुनीता सिंह, उपनिदेशक पर्यटन उपेंद्र सिंह शेखावत, उपनिदेशक पर्यटन दलीप सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बड़ी संख्या में जयपुर के पर्यटक स्थलों पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़

पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस, विभाग द्वारा टूरिज्म एण्ड पीस (पर्यटन और शांति) की थीम पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग घरेलू और विदेशी पर्यटकों को राज्य पर्यटन की ओर आकर्षित करने के लिए समय समय कई ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे वे राजस्थान की लोक कला व संस्कृति और स्वागत- सत्कार का अनुभव कर सके और राजस्थान से अमिट यादगार लेकर अपने राज्य व देशों को लौट सकें। इसी क्रम में आज भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

उपनिदेशक पर्यटन विभाग उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आमेर महल, नाहरगढ़, हवा महल, जंतर-मंतर एवं अल्बर्ट हॉल का भ्रमण करने वाले पर्यटकों का शुक्रवार को तिलक लगाकर और फूल-मालाएं पहना कर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि स्वागत सत्कार कार्यक्रम में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग व ट्रैवल ट्रेड के प्रतिनिधियों का सहयोग दिया है। शेखावत ने बताया कि जयपुर शहर के पर्यटन स्थलों पर लोक कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य, कच्ची घोड़ी नृत्य, कठपुतली नृत्य, बहरुपिया, शहनाई वादन, आदि मनमोहक प्रस्तुतियां प्रातः काल से ही दी गई। उन्होंने बताया कि पर्यटन दिवस के अवसर पर जयपुर की विरासत के प्रति जागरुकता एवं ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग, आरटीडीसी, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही ट्रैवल ट्रेड के प्रतिनिधियों जैसे कि एफएचटीआर, एचआरएआर, आरएटीओ, एडीटीओआई, एफआरटीओ, एचएजे, एच एफ आर,एचओजे व गाइड एसोसिएशन सदस्यों व आई.एच.एम जयपुर के विद्यार्थियों द्वारा सवेरे 7 बजे से 9 बजे तक आमेर महल के पीछे स्थित सागर कुन्ड पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्तदान जागरूकता रैली का किया आयोजन 29 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा रक्तदान शिविर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी द्वारा श्री अग्रवाल सभा बाड़ी के तत्वावधान में अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर 29 सितंबर रविवार को एक विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन बाड़ी शहर की श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में सुबह 9:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा जिसको लेकर अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी द्वारा एक रक्तदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया! यह रक्तदाता जागरुकता रैली को किले स्थित दाऊजी मंदिर से अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग द्वारा हरी झंडी देखाकर रैली को रवाना किया, यह रैली सराफा बाजार से निकलते हुए अग्रवाल धर्मशाला में समापन की गई, रैली में शामिल सभी बच्चों को स्वअल्पहार की व्यवस्था की गई, जागरुकता रैली में बाड़ी शहर के व्यापारी दाऊदयाल मित्तल सराफ द्वारा रैली में शामिल सभी लोगो को जूस देकर स्वागत किया गया।

रैली समापन के बाद बाड़ी श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग ने बताया कि भगवान अग्रसेन जी की 5178 वीं जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवा वर्ग, महिलाए एव सभी लोग बढ़ चढ़ कर भाग लेकर इस नेक कार्य में अपना योगदान देवे, इस अवसर पर महामंत्री हरीशंकर सराफ ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री से नही बनता बल्कि रक्त ईश्वर की बनायी उस मानव संरचना से उत्पन्न होता है, रक्तदान के लिए हम सभी को आगे आना होगा त था सभी युवाओ को संकल्प लेना होगा कि मेरा दिया हुआ रक्त किसी के जीवन बचाए जाने में सहयोग प्रदान करेगा। उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग ने बताया कि स्वस्थ युवाओं को रक्तदान करना चाहिए

इस अवसर पर अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी के अध्यक्ष सोमेंद्र मंगल ने बताया कि रक्तदान महादान है !इसके लिए हम सभी को बढ़ चढ़ कर भाग लेना चहिए, संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी ने बताया कि एक पूर्ण स्वस्थ्य व्यक्ति को वर्ष भर मे कम से कम 2 बार रक्तदान अवशय करना चहिए! रक्तदान करके जीवन में अन्य बीमारियो से हमे मुक्ति मिलती है, तथा शिविर संयोजक रिंकू गर्ग ने बताया कि इस शिविर में महिला रक्तदाताओ की अलग से व्यवस्था की गई है। इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग आगे आए, इस कार्यक्रम को सफल बनाए।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 12 महत्वपूर्ण सड़को के डबल लेन कार्य को दी मंजूरी

## डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के 12 स्टेशनों तक माल की आवाजाही को मिलेगी गतिः दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री

चमकता राजस्थान

**जयपुर,27 सितंबर।** प्रदेश और देश के आर्थिक विकास को गति देने के लिए बनाए जा रहे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 12 रेलवे स्टेशनों तक अब माल की आवाजाही और तीव्र होगी। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न ज़िलों के 12 रेलवे स्टेशनों को जोड़ने वाली सड़कों के डबल लेन कार्य को मंजूरी प्रदान की है।

उपमुख्यमंत्री ने बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति में लगभग 112 करोड़ रुपये की लागत की लगभग 60 किलोमीटर सड़कों के डबल लेन कार्य को मंजूरी प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि ये सड़के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 12 रेलवे स्टेशनों को जोड़ती है इन सड़कों के डबल लेन होने से माल की आवाजाही तीव्र होगी और प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।



### यह सड़के होंगी डबल लेन

नीम का थाना ज़िले के श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में स्टेट हाईवे 113 (भरनी स्टैंड) से नवीन श्रीमाधोपुर डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 6.50 करोड़ की लागत से 1.5 किमी सड़क, अजमेर ज़िले में किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नवीन डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 2 करोड़ की लागत से 425 मीटर की सड़क, पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में एनएच-8 को नया सराधना नवीन डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 6 करोड़ की लागत से 1.50 किलोमीटर की सड़क, दूदू विधानसभा क्षेत्र में साखून नवीन डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 8 करोड़ की लागत से 2.30 किमी की सड़क, सोजत विधानसभा क्षेत्र में एनएच-62 झूठा गाँव से नवीन हरिपुर डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 12 करोड़ की लागत से 8.60 किमी, पाली जिले के सोजत विधानसभा क्षेत्र में चण्डावल-मुरडावा न्यू चण्डावल डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 18.50 करोड़ की लागत से 10 किमी सड़क, मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र में एसएच-61 न्यू मारवाड़ जंक्शन डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 10 करोड़ की लागत से 6 किमी सड़क, जेतपुरा-खोड़- जवाली नाडोल से न्यू जवाली डीएफ़सीसीएल स्टेशन तक 17.50 करोड़ की लागत से 9 किमी सड़क, बाली विधानसभा क्षेत्र में बाली से न्यू विरोलिया स्टेशन वाया बेडल सड़क डीएफ़सीसीएल स्टेशन तक 12 करोड़ की लागत से 6.75 किमी, पिण्डवाड़ा विधानसभा क्षेत्र आबू में न्यू केशवगंज डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 9.50 करोड़ की लागत से 9.15 किमी सड़क, न्यू बनास डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 3 करोड़ की लागत से 1.17 किमी सड़क तथा न्यू स्वरूपगंज डीएफ़सीसीएल स्टेशन को जोड़ने के लिए 6.90 करोड़ की लागत से 2.58 किमी सड़क के डबल लेन कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

# पुलिस प्रशासन की कोई कार्यवाही न होने से अपराधियो में नही डर का माहौल



● **विरोध में लामबंद होकर सभी विभागो के अभियंता एवं विधुत निगम के कर्मचारीयो ने दिया पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन एवं कार्य बहिष्कार की चेतावनी**

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** 27 सितम्बर को इंजीनियर्स फोरम भरतपुर एवं विधुत कर्मचारी संयुक्त एकता मंच के माध्यम से, नितिन डागुर कनिष्ठ अभियंता डहरा मोड नदबई के साथ बिजली बिल बकाया वसूली करते समय, उपभोक्ता द्वारा झगड़ा एवं मारपीट के बाद प्राथमिक सूचना रिपोर्ट होने पर भी पुलिस प्रशाशन के द्वारा तीन दिवस में भी कोई कार्यवाही न करने एवं आरोपी का खुले आम घुमकर पुलिस एवं विधुत निगम को चुनौती देने के विरोध मे। पुलिस अधीक्षक भरतपुर को ज्ञापन देकर त्वरित एवं ठोस कार्रवाई करने हेतु एवं साथ मे कनिष्ठ अभियंता लोकेन्द्र सिंह के साथ बयाना में हुए झगडे की प्रथम सूचना रिपोर्ट पर भी एक महीने में कोई कार्यवाही न होने पर, इसमे भी कार्यवाही करने हेतू मांग की एवं आगामी तीन दिवस में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो, मजबूरन समस्त अभियंता वर्ग एवं कर्मचारी वर्ग को कार्य बहिष्कार करना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

इस मौके पर फार्म के संरक्षक उत्तम सिंह फार्म के अध्यक्ष मनोज पाराशर, राधेश्याम गुर्जर, संजय अग्निहोत्री,बीवी पाराशर, केशव पांडे, सतपाल सिंह, गजेंद्र सिंह,नवीन गोयल, लव कुश धाकड़, लवकुश यादव, शिव सिंह मीणा, धर्मवीर सिंह, दीपक चौधरी, अनिल शर्मा, नरोत्तम लाल शर्मा, रोहित सिंह, दुष्यंत सिंह, गणपत लोधा,मनीष गुप्ता, निर्भय सिंह, कपिल चौहान,जोगिंदर सिंह, प्रेमी सिंह, निर्भय कुमार आदि सहित अलग-अलग विभागो के 50 से अधिक अभियंता एवं 100 से अधिक विधुत कर्मचारीयो ने उपस्थित होकर, अपना सामूहिक विरोध प्रदर्शन प्रदर्शित किया।

### एबीवीपी ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दिया एमएसजे कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** 27 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एमएसजे कॉलेज के प्रचार्य को ज्ञापन दिया जिला संयोजक दौलत शर्मा ने बताया कि एमएसजे कॉलेज जो कि संभाग का सबसे बड़ा महाविद्यालय है महाविद्यालय के खेल मैदान में विगत 2 महीने से पानी भरा हुआ है जिससे कि एनसीसी की तैयारी करने वाले छात्र व प्रतियोगी खेलों की तैयारी करने वाले छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अतः जल्द से जल्द ग्राउंड से पानी को निकलवा कर उसे पुनः खेलों के लिए उपलब्ध कराया जाए छात्र नेता रजत अवार ने बताया कि इस वर्ष सिक्स राज एनसीसी कंपनी में छात्राओं की भर्ती की है इस प्रकार से जो भी छात्राएं वंचित रह गई है उनके लिए थ्री राज एनसीसी कंपनी में छात्राओं के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए छात्र नेता संजीव सैनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के 6 महीने बीत जाने के बाद भी कॉलेज से ईवीएम मशीन अभी तक नहीं हटाई गई है जिससे कि छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है अतः जल्द से जल्द ईवीएम मशीनों को हटाया जाए जिससे कि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से चालू हो सके इस मौके पर विश्वविद्यालय का अध्यक्ष दुष्यंत बांसी, सचिन तगावली, गोलू, कृष्णा, भूपी बोरई आदि मौजूद रहे।

# मिलेट्स को बढ़ावा मिलने से छोटे किसानों को फायदा, देश की अर्थव्यवस्था को मिल रही ताकत : भागीरथ चौधरी

## जयपुर में फिक्की द्वारा 'राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव - 2024' का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान




जयपुर(खलील कुरैशी), 27 सितंबर 2024केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार को जयपुर में फिक्की द्वारा आयोजित ₹राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव - 2024₹ के दूसरे संस्करण में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की थीम ₹देश के मिलेट्स हब के रूप में उभरता हुआ राजस्थान₹ विषय पर संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार बड़े पैमाने पर श्री अन्न ₹मिलेट्स₹ को बढ़ावा दे रही है। बाजरा, जौ, मक्का एवं सरसों जैसे मोटे अनाज के उत्पादन में राजस्थान देश में अग्रणी है।

श्री अन्न से देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल : फिक्की मिलेट्स कॉन्क्लेव - 2024 को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि बाजरा हमारे कृषि एवं भौगोलिक परिदृशय के अनुरूप आशाजनक भविष्य का प्रतीक है। इसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाने वाले आवशयक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसी के तहत 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के रूप में मनाते हुए इसे बढ़ावा दिया गया। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि श्री अन्न के फायदे ही फायदे हैं, विशेषकर हमारे छोटे किसानों को इससे बहुत लाभ हैं। श्री अन्न से उनकी आय बढ़ने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### देश के मिलेट्स हब के रूप में उभरता हुआ राजस्थान₹ विषय पर कार्यक्रम को केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री ने किया संबोधित

छोटे किसानों के लिए वरदान मिलेट्स को बढ़ावा देना : केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि श्री अन्न का सेवन स्वस्थ रहने का माध्यम है। श्री अन्न पोषकता से परिपूर्ण है, जिसे उगाने में किसानों को लागत कम आती है, इसके लिए फर्टिलाइजर की जरूरत नहीं पड़ती, कम बारिश में भी इसकी खेती आसानी से हो सकती है। छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने, लोगों को स्वस्थ रखने व देश-दुनिया में, भोजन की थाली में श्री अन्न को सम्मानजनक स्थान दिलाने के उद्देशय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्ताव रखा, जिसका 72 देशों ने समर्थन किया और यूएन ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में श्री अन्न की महत्ता का प्रसार हो रहा है। श्री अन्न से एग्री स्टार्टअप्स बढ़ने के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। उत्पादन वउत्पादकता बढ़ने के साथ ही प्रोसेसिंग एवं निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुण्यतिथि पर विभिन्न सेवा कार्यो का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली (धर्मेन्द्र बंसल)** निकटवर्ती ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत के सरपंच व जयपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष रहे लोकप्रिय किसान नेता व समाजसेवी स्व. बनवारी लाल रावत की 40 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं पनियाला-कालूहेड़ा गौशाला में गायों को गुड़ एवं दलिया खिलाया। जिसके बाद वृक्षारोपण किया गया एवं जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किये गये। साथ ही वृद्धजनों को गर्मी में धूप व वर्षा से बचाव के लिये छाता वितरित किया गया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, सुभाष रावत, उमराव रावत, कैलाश रावत, प्रक- ाश रावत, भाजपा नेता सांवतराम रावत, योगेश गुर्जर, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश रावत, रविंद्र प्रजापत समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### समान पात्रता परीक्षा स्नातक स्तर 2024 का हुआ विधिवत आयोजन

**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** दिनांक 27 वी 28 सितंबर 2024 में प्रत्येक दिवस दो पारियों में जिला कोटपूतली बहरोड के कुल 26 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई जा रही है । अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवम परीक्षा समन्वयक ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि सभी 26 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। प्रथम दिवस दिनांक27.9.2024 को प्रातःकालीन पारी में कुल आवंटित परीक्षार्थी 8356 में से 7323 उपस्थित रहे, 1033 अनुपस्थित रहे। साथ ही सांयकालीन द्वितीय पारी में 8356 में से 7454 उपस्थित और 902 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु 13 उप समन्वयक प्रातः कालीन पारी में जिनके साथ एक मंत्रालयिक , एक सहायक कर्मचारी लगाए गए हैं साथ ही द्वितीय पारी में भी इसी तरह 39 कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक उप समन्वयक के साथ हथियार सहित गार्ड की व्यवस्था की गई है। परीक्षा में 4 सतर्कता दलों का गठन किया गया है जिसमे आर ए एस को प्रभारी, एक आर पी एस और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। दोनों पारियों में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई ।

### राजस्थान के ब्यावर जिले का देवमाली गांव सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरस्कार से सम्मानित




**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 सितंबर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के देवमाली गांव को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ब्यावर के तत्कालीन कलक्टर उत्सव कौशल और देवमाली गांव की सरपंच पूजा गुर्जर ने ग्रहण किया।नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में देवमाली गांव को यह पुरस्कार समुदाय आधारित पर्यटन श्रेणी में दिया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री, नागरिक विमानन किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय राज्य मंत्री पर्यटन सुरेश गोपी सहित पर्यटन मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।भारत के गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2023 में सर्वश्रेष्ठ गांव प्रतियोगिता शुरू की गई थी। इस प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण 2024 में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 991 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 8 श्रेणियों के अंतर्गत 36 गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता 2024 में सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य उन गांवों को चिन्हित और पुरस्कृत करना है जो पर्यटन के क्षेत्र में समुदाय आधारित मूल्यों के माध्यम से सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपत्तियों का संरक्षण और पोषण करते हैं।राजस्थान के अजमेर से सटे ब्यावर जिले में स्थित देवमाली देवनारायण भगवान की भूमि कहलाता है। इस गांव की संस्कृति और यहां का जनजीवन ही इसे यह पुरस्कार दिलाने में मददगार साबित हुआ।

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने संवेदना जताकर स्वर्गीया व्यास को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 सितंबर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व विधायक स्वर्गीय सूर्यकांता व्यास के निधन पर गहरा शोक जताया है। देवनानी ने शुक्रवार को जोधपुर पहुँचकर स्वर्गीया व्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देवनानी ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। देवनानी ने कहा है कि स्वर्गीय व्यास सूरसागर क्षेत्र से छः बार विधायक रहीं। उनके निधन से क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाई थी। व्यास को राजस्थान विधान सभा द्वारा 2012 में सर्वश्रेष्ठ विधायक के लिए सम्मानित किया गया था। विधान सभा की विभिन्न समितियों में स्व. व्यास ने सभापति और सदस्य के तौर पर उल्लेखनीय कार्य किये।

# जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं के चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन का सीडीटीआई, जयपुर में हुआ आयोजन

## सरकार जेल प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत बनाने की ओर अग्रसर-उप मुख्यमंत्री बैरवा

चमकता राजस्थान







जयपुर (खलील कुरैशी) 27 सितम्बर। सीडीटीआई, जयपुर में जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं के चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन का बीपीआरएंडडी द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें जेल विभाग के महानिदेशक, अपर महानिदेशक, महानिरीक्षक, अधीक्षक, प्रहरी, विषय विशेषज्ञ, गैर सरकारी संस्थाओं के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का शुभारंभ गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार बंडी संजय कुमार द्वारा गुरुवार को किया गया था। सम्मेलन का समापन समारोह शुक्रवार को प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री बैरवा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जेल प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत करना है ताकि समग्र सुधारात्मक प्रणाली का विकास हो सके। सम्मेलन के दौरान महत्वपूर्ण योजनाएं प्रस्तुत की गई जो भविष्य में जेलों में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।महानिदेशक बीपीआरएंडडी राजीव शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना और उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना था सीडीटीआई के निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि सम्मेलन के दौरान जेल अधिकारियों को अपने अनुभव साझा करने, नई नीतियों पर विचार विमर्श करने और जेल प्रणाली को और अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करने का अवसर मिला।इस सम्मेलन में देशभर के प्रख्यात विषय विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। यह सम्मेलन जेल प्रशासन में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के साथ साथ उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों को समझने और उनके समाधान के उपाय तलाशने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इस समारोह में महानिदेशक बीपीआरएंडडी राजीव शर्मा, महानिदेशक जेल उत्तरप्रदेश पीवी राम शास्त्री व महानिरीक्षक, बीपीआरएंडडी रेखा लोहानी ने महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

### राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत टोंक जिले से 690 नागरिक करेंगे तीर्थ यात्रा :- डॉ सौम्या झा

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत इस वर्ष जिले से 690 नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी।



इसके लिए शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से हवाई यात्रा के लिए 115 एवं रेल यात्रा के लिए 575 नागरिकों का चयन किया।इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, एडीएम मालपुरा रामरतन सौकरिया, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव, डीओआईटी के एसीपी के पवन कुमार महावर, देवस्थान विभाग के एएओ शशि शर्मा, कलेक्टर के निजी सहायक प्रदीप जैन, अरविंद पाटीदार, कलेक्ट्रेट न्याय शाखा के जितेंद्र सिंह नरूका मौजूद रहे। योजना में चयनित यात्रियों की सूची देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय एवं वेबसाइट पर देखी जा सकती है।चयनित यात्रियों को यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सकीय प्रमाण पत्र पेश करना होगा। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के लिए हवाई यात्रा के लिए 1751 आवेदन एवं रेल यात्रा के लिए 2216 आवेदन प्राप्त हुए थे।

### पिलानी कस्बे में पेयजल व्यवस्था में अनियमितता एवं राजकार्य में लापरवाही बरतने पर दो कनिष्ठ अभियन्ता एवं एक फिटर निलंबित

**चमकता राजस्थान। जयपुर,( खलील कुरैशी) 27 सितम्बर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देश पर पिलानी कस्बे में पेयजल व्यवस्था तथा शहरी जल योजना में अनियमितता तथा लापरवाही बरतने पर विभाग द्वारा शुक्रवार को दो कनिष्ठ अभियंता एवं एक फिटर को निलंबित किया है।जलदाय मंत्री के निर्देश के उपरान्त विभागीय जांच में पाया गया कि शिव कॉलोनी में दो नलकूपों में पेयजल आवक कम हो जाने से सूखा घोषित करने के लिये कनिष्ठ अभियंता अधिकृत नही था फिर भी इसके द्वारा दोनों नलकूपों को सूखा घोषित करने एवं मोहल्ले की कमेटी द्वारा उनके स्तर पर मोटर पम्प बदलवाकर नलकूप से पेयजल प्राप्त करने की शिकायत को सही पाया गया, जिस पर विभाग द्वारा प्रदीप कुमार कनिष्ठ अभियन्ता को निलंबित किया है।इसी तरह वार्ड नं. 30 व 31 लोहारू रोड, पिलानी में मोहल्ला कमेटी द्वारा दो नलकूप स्वयं के सिरे से निर्मित करवाकर विभाग को सुपुर्द किये जाने की शिकायत सहित आमजन एवं जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाने तथा संयमित भाषा में वार्ता नहीं करने की शिकायत को सही पाया गया, जिस पर कनिष्ठ अभियंता सोनू कुमार को निलंबित किया है।अन्य प्रकरण की विभागीय जांच में शिव कॉलोनी में पुराने वाल्व के अधिक गहराई पर होने एवं सीसी रोड के नीचे दबे होने के कारण वाल्व को हटाने के तथ्य को जांच रिपोर्ट में सही पाये जाने पर महताब सिंह फिटर को भी निलंबित किया है उल्लेखनीय है कि जलदाय मंत्री ने विगत 6 सितम्बर को विभागीय अधिकारियों की बैठक पिलानी कस्बे में ली गई। जहां पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन द्वारा उक्त कार्मिकों की लिखित में शिकायत की गई, जिस पर जलदाय मंत्री ने विभागीय जांच के उपरान्त निलम्बित करने के निर्देश प्रदान किये थे।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा का दौरा कर लगाया समस्या समाधान शिविर, सुनी आमजन की परिवेदनाएं

- **आमजन की समस्या का समाधान उनके ही क्षेत्र में हो रहा है -शिक्षा मंत्री**

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 सितम्बर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा के रामगंजमंडी स्थित कृषि उपज मंडी समिति में आयोजित समस्या समाधान शिविर में आमजन के परिवाद सुने। शिविर में स्थानीय लोग सड़क, पानी, जाति प्रमाण पत्र आदि समस्याएं लेकर पहुंचे। शिक्षा मंत्री ने बारी-बारी सभी को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 360 परिवाद मिले।शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभी तक अलग-अलग जगह पर आठ शिविर आयोजित किए जा चुके है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर लोगों को जिला मुख्यालय पर जाना पढ़ता है, जिससे उन्हें अनावशयक परेशानी होती है। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्या का समाधान उनके क्षेत्र में ही करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जनता की आशाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप सदन में हों सुव्यवस्थित और सुचारू संवाद : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

चमकता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी)** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतन्त्र तभी सशक्त होता है, जब सदन सहमति- असहमति के बावजूद सामूहिक रूप से, गरिमा और शालीनता से लोकहित के विषयों पर चर्चा और संवाद करता है। इसलिए जरूरी है कि जनता की आशाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप सदन में संवाद हो। मिजोरम विधानसभा में शुक्रवार को आयोजित कामनवेल्थ पार्लियामेंट्री अफेयर्स (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-3 के 21वें सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायी शुचिता और पारदर्शिता लोकतंत्र को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होती है। विधायिका की शुचिता बनाए रखना पीठासीन अधिकारियों का विशेष दायित्व है और इस दिशा में उन्हें सदैव सजग रहना चाहिए। विधायी कार्य में जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को प्रमुखता मिलनी चाहिए।इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, नागालैंड विधानसभा के अध्यक्ष और सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन 2 के अध्यक्ष शेरिंगेन लोंगकुमेर, मिजोरम विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजामा और मिजोरम विधानसभा के उपाध्यक्ष लालफामकिमा उपस्थित रहे। मिजोरम विधानसभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर बिरला ने मिजोरम विधानसभा पुस्तकालय के आर्काइव्ज अनुभाग का उद्घाटन किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधन के दौरान कहा कि विधानमंडल आम लोगों से संबंधित मुद्दों पर उपयोगी चर्चा के लिए मंच है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को विधानमंडल के मंच का उपयोग लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए करना चाहिए। इससे नागरिकों का विधायी संस्थाओं पर विश्वास बढ़ेगा, विधि निर्माण की गुणवत्ता बढ़ेगी और विधायी संस्थाओं की गरिमा भी बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि विधायिका को विधि और नीति निर्माण के साथ-साथ शासन की जवाबदेही पर जोर देना चाहिए जिससे आम नागरिकों के जीवन में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाया जा सके। बिरला ने कहा कि विधायी कार्य में डिजिटल प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए। इन संस्थानों में डिजिटल तकनीक का प्रयोग विधायी प्रक्रिया में जन भागीदारी, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ता है और संसदीय समिति प्रणाली को और मजबूत करता है जिससे विधायिका जन कल्याण का सर्वोत्तम माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि यह आवशयक है कि विधायकों को प्रशिक्षित किया जाए, सदन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढे और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इस अवसर पर ओम बिरला ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। पूर्वोत्तर क्षेत्र की विधानसभाओं द्वारा पारित कई जनकल्याणकारी कानूनों के सन्दर्भ में कहा कि इन संस्थाओं ने स्थानीय विषयों पर टेक्नॉलजी का प्रयोग करके सदनों को जनोन्मुखी बनाया है। हाल के वर्षों में भौतिक, डिजिटल और सोशल कनेक्टिविटी बढ़ाने पर किए गए कार्यों ने इस क्षेत्र को एक सीमांत क्षेत्र से प्रथम क्षेत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प को पूरा करने में पूर्वोत्तर भारत की बड़ी भूमिका है।

# महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

## जनता के विश्वास,प्यार, आस्था से उनके जीवन को मिलती हैं प्रेरणा और आत्मबल : राज्यपाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का शुक्रवार को महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजी नगर में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें रामचंद्र मंदिर (मठ) बालाजी ट्रस्ट गाठण्ड पर अपार जनसमूह के मध्य आयोजित भव्य समारोह में देवगिरी गौरव सम्मान से विभूषित किया। बागडे को महाराष्ट्र के विभिन्न भागों से आए लाखों की संख्या में उपस्थित समूह ने भाव-भरा अभिनंदन करते हुए उनके लिए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए अभिष्टचिंतन किया। उन्हें प्रदत्त देवगिरी गौरव प्रशस्ति पत्र में उनके सार्वजनिक जीवन के अंतर्गत किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के गौरव से अलंकृत किया गया। गडकरी ने इस अवसर पर कहा कि राज्यपाल बागडे जमीन से जुड़े लोकप्रिय व्यक्तित्व हैं। कृषिक्ष, सहकारिता और विभिन्न अन्य विषयों में गहन दृष्टि के साथ सार्वजनिक जीवन में शुचिता के मूल्यों के साथ उन्होंने सदा आदर्शों की स्थापना की है। अन्य वक्ताओं ने भी उनके ओजपूर्ण व्यक्तित्व, राष्ट्रीयता के सरोकारोंकी चर्चा करते हुए उनके सार्वजनिक जीवन को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उनका मन से अभिनंदन किया। राज्यपाल बागडे ने अपने जन-अभिनंदन और देवगिरी गौरव सम्मान से विभूषित किए जाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनके लिए सबसे बड़ी सौगात है।वह मां भारती के लिए आजीवन ऐसे ही प्रतिबद्ध होकर सेवाएं देते रहेंगें। उन्होंने भावुक होते हुए जनता को प्रणाम निवेदित किया तथा कहा कि यह विश्वास, प्यार और जन-जन की आस्था ही उनके जीवन की प्रेरणा है।



## संक्षिप्त समाचार

### करौली के राजकीय मॉडल स्कूल में जिला स्तरीय कला उत्सव का हुआ शानदार आयोजन



**चमकता राजस्थान। करौली!** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन हुआ।मॉडल स्कूल करौली के प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि परिषद के दिशा निर्देशानुसार विद्यार्थियों में कला के प्रति जागरूकता पैदा करने,सांस्कृतिक परंपराओं में कला स्वरूप को प्रदर्शित करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को प्रसारित करने के लिए छः विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाड़ी,मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डाइट पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने की।इस अवसर पर भयसिंह मीना प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूलटोडाभीम,राजकुमार मीणा पीओ समसा मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जिले के 16 विद्यालयो कि टीमों में 120 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।विजेताओं को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इन्द्रेश तिवाड़ी और प्रधानाचार्य डाइट पुष्पेंद्र शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया।ये सभी प्रथम स्थान प्राप्त विजेता राज्य स्तरीय कला उत्सव में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विभिन्न विधाओं में विजेता इस प्रकार रहे,संगीत गायन में प्रथम स्थान पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंडौन सिटी,संगीत वादन में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम,नृत्य में प्रथम स्थान महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नादौती, थियेटर में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल करौली, दृश्य कला में प्रथम स्थान पर सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरीविद्यालयकरौली,पारंपरिक कहानी वाचन में प्रथम स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप चतुर्थ टोडाभीम ने प्राप्त कियानिर्णायक के रूप में परशुराममीणा,अशोक कुमारमीणा,कृष्णबिहारीपाठक,मनीषपूनिया,हरिचरण मीणा,अरविंद धाकड़,नीलम गुप्ता उपस्थित रहे।स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली से कला उत्सव प्रभारी निशा अग्रवाल,मीना राजश्री,खेमराज मीणा,मनोज कुमार मीणा मुकेश कुमार मीणा, लक्ष्मीकांत, सोनपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।मंच संचालन राजेश कुमार मीणा ने किया।

### सैपऊ फसल खराबे का किसानों को मिलेगा पूरा उचित मुआवजा : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** तसीमों में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मीडिया से कहा कि कलेक्टर से वार्ता कर धौलपुर जिले में बारिश और अतिवृष्टि से खराब हुई फसल के हालातों का फीडबैक लिया। कलेक्टर द्वारा अधीनस्थ कर्मचारी और राजस्व विभाग को फसल खराबे की गिरदावरी करने के निर्देश दिए हैं।



राजस्व विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा गिरदावरी की प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है। पीएम मोदी की सरकार ने गिरदावरी को आसान कर दिया है। फसल का मुआवजा और क्लेम को बहुत आसान कर दिया है। उन्होंने कहा अगर किसान भाइयों ने फसल बीमा कराए हैं तो खेत की लोकेशन दे सकते हैं। उन्होंने कहा रिपोर्ट मिलने के बाद किसानों को हर संभव सहायता दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने एसपी सुमित मेहरणा से भी अतिवृष्टि की परिस्थितियों में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चर्चा की। इससे पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के कैंथरी पहुंचने पर किसानों के द्वारा फसल खराब होने एवं इलाके में भवन एवं पशुओं को हुए नुकसान की शिकायत करते हुए सरकार से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई।सड़क किनारे खेतों में हो रहे जल भराव का भी मंत्री ने जायजा लिया। पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा से भी इस संदर्भ में मंत्री राठौर द्वारा मंत्रणा की गई। पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने बताया कि खरीफ की बाजार दलहन तिलहन मक्का सैंपऊ और बसेडी उपखंड इलाके में अधिकांश फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। पूर्व विधायक मलिंगा द्वारा मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से सरकार से किसानों को विशेष पैकेज के रूप में उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

## मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिला सोनोग्राफी के लिए वाउचर : डॉ विजय सिंह फौजदार

चमकता राजस्थान

**जयपुर ( खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** 27 सितम्बर । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ.विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर दिये गए साथ ही अन्य जाँच व उपचार किये गए । उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।



# डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने ली अधिशासी अभियंताओं की समीक्षा बैठक

## उपभोक्ताओं को मिले बिना ट्रिपिंग के बिजली : चेयरमैन डिस्कॉम्स



चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 27 सितम्बर। चेयरमैन डिस्कॉम्स एवं जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने जयपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियन्ताओं को सभी लम्बित घरेलू कनेक्शन शीघ्र जारी करने तथा ट्रिपिंग रहित बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। सुश्री डोगरा शुक्रवार को विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हाल में डिवीजन वाईज लम्बित घरेलू कनेक्शन, 33 केवी एवं 11केवी फीडर्स पर ट्रिपिंग की स्थिति की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने लम्बित घरेलू कनेक्षनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सर्विस लाइन के सभी लम्बित घरेलू कनेक्षनों को शीघ्र जारी कराना सुनिश्चित करें और जॉब वर्क वाले कनेक्शनो को भी अतिरिक्त प्रयास करते हुए प्राथमिकता से जारी कराएं। कनेक्शन समय पर जारी होने से उपभोक्ता के सन्तुष्टि स्तर में बढोतरी होगी और निगम को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति भी होगी।डिस्कॉम चेयरमैन ने कहा कि अधिशासी अभियन्ता सब-डिविजन कार्यालयों में जाएं और मौका सत्यापन के लिए घरेलू कनेक्शन की लम्बित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण करवाएं। यह भी सुनिश्चित करें कि कनेक्शन के उपरान्त प्रथम बिल जारी करने का कार्य भी समय पर हो।सुश्री डोगरा ने 33केवी व 11केवी फीडर ट्रिपिंग की सितम्बर माह तक की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को बिना ट्रिपिंग के विद्युत आपूर्ति की जाए। इसके लिए सिस्टम में सुधार की जो भी आवशयक कार्यवाही की जानी है उसको करें। उन्होंने अधिशासी अभियन्ताओं को कहा कि फील्ड विजिट के दौरान बार-बार जलने वाले ट्रांसफार्मर, टेढ़े पोल, लटकती हुई लाइन व अन्य सभी चीजों को भी देखकर उनका सुधार करवाएं।बैठक में निदेशक तकनीकी एस.एस.नेहरा, सीसीओए ए.के. जोशी, वाई.एस.राठौड़, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता टीएस एण्ड क्यूसी ए.के.त्यागी सहित जयपुर डिस्कॉम के लगभग 60 अधिशासी अभियन्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा के चुनावी दंगल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं भंवर जितेंद्र सिंह सहित अनेक कांग्रेसी नेताओं ने भरी हुंकार



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जाति और धर्म के एजेंडे पर लोकसभा चुनाव में शिकस्त खाने वाली भारतीय जनता पार्टी को अब हरियाणा के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है। युवाओं और किसानों के साथ पिछले एक दशक से किए जा रहे छल का हिसाब आगामी 5 अक्तूबर को हो जाएगा नेतिा प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पिछले 10 सालों से मतदाताओं को ठग रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार का हश्र इस विधानसभा चुनाव में लोकसभा से भी बुरा होने वाला है।उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में विकास के पहिए की गति इस सरकार के कार्यकाल में थम गई है। उन्होंने कहा कि धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति

**● बवाड़ी खेड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने भाजपा पर किए सियासी वार**

करने वाले भाजपा नेताओं की मानसिकता अब हरियाणा प्रदेश की जनता भली. भांति जान चुकी है। कांग्रेस नेता बावड़ी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप नरवाल के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवअविनाश पांडे ने कहा कि चुनाव में जुमलेबाजी और छलावा भारतीय जनता पार्टी की पहचान है। उन्होंने कहा कि किसानों को देशद्रोही और आतंकवादी की संज्ञा देने वाले भाजपा नेताओं को अब हरियाणा की जनता काले झंडे दिखा रही है। आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्षधर्मेंद्र राठौर ने कहा कि पूरे देश की निगाहें इस बार हरियाणा चुनाव पर टिकी हुई है।उन्होंने कहा कि किसान युवा एवं सभी वर्ग भाजपा के विरोध में एकजुटता के साथ मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बनी भाजपा से हरियाणा प्रदेश की जनता पिछले 10 वर्षों का हिसाब मांग कर बेनकाब करेगी।

**● ये कांग्रेसी नेतागण भी रहे मौजूद**

इस अवसर पर मुंडावर विधायक ललित यादव, पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ विधायक शाहपुरा मनीष यादव, प्रधान विनोद कुमारी सागवान, संजीव बा-रेठ, अशोक बोहरा, योगेश मेहता, विजेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# तेजस्वी की आभार यात्रा का जवाब जदयू समागम से देगी

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में भले ही अभी एक साल का समय बाकी हो लेकिन सियासी बिसात अभी से ही बिछाई जाने लगी है। बिहार में अगले वर्ष यानी 2025 में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में प्रदेश में यात्राओं और समागम का दौर चल पड़ा है।

**आभार यात्रा के जवाब में जदयू का समागम**

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक वारिस माने जाने वाले पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आभार यात्रा के जरिए पहले चरण में 4 जिलों का दौरा पूरा कर चुके है। राजद की आभार यात्रा के जवाब में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यकर्ता समागम शुरू करने जा रहे हैं। कार्यकर्ता समागमका नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नौकरशाह से नेता बने पार्टी के महासचिव मनीष वर्मा को सौंपी है। इस बहाने मनीष वर्मा चुनाव से पहले बिहार मथने के साथ-साथ जदयू कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी देंगे। जदयू कार्यकर्ता समागम की शुरूआत मुजफ्फरपुर से हो रही है, जो चार महीने तक चलेगी। अगले साल 20 जनवरी 2025 को नालंदा में इसका समापन होगा। बीते साल 2023 से ही बिहार के हरेक गांव-गांव की खाक छान रहे जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर दो अक्टूबर को अपने संगठन को पार्टी में बदलने वाले हैं, जिसकी घोषणा उन्होंने पहले ही कर दी है। दस से 17 सितम्बर तक आभार यात्रा का पहला चरण हुआ पूर्ण बीते 10 सितम्बर से लेकर 17 सितम्बर के मध्य निकाली आभार यात्रा का पहला चरण पूरा हो गया है। जिसके पहले दिन 10 सितम्बर को तेजस्वी यादव ने समस्तीपुर जिले के 5 विधानसभा क्षेत्र मोरवा, सरायरंजन, मोइनुद्दीन नगर, उजियारपुर और बिभूतिपुर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका फिडबैक लिया था। तेजस्वी ने 11 सितम्बर को समस्तीपुर, रोसड़ा, कल्याणपुर, वारिसनगर और हसनपुर के कार्यकताओं से मुलाकात की। 12 सितम्बर को तेजस्वी ने दरभंगा जिले के बहादुरपुर, दरभंगा, हायाघाट, केवटी, और जाले विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं से मुलाकत की। तेजस्वी 13 सितम्बर को दरभंगा ग्रामीण, गौराबौराम, बेनीपुर, अलीनगर एवं कुशेश्वरस्थान का दौरा किया। 14 सितम्बर को तेजस्वी यादव ने मधुबनी जिले में मधुबनी, राजनगर, बेनीपट्टी, बिस्फी और हरलाखी विधानसभा के कार्यकताओं से मुलाकात की। इसके बाद 15 सितम्बर को तेजस्वी यादव मधुबनी जिले के लोकहा फुलपरास, झंझारपुर, और खजौली विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। 16 सितम्बर को तेजस्वी यादव मुजफ्फरपुर में गायघाट औराई मीनापुर बोचहा सकरा और कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं से मिले। 17 सितम्बर तेजस्वी यादव ने अपनी आभार यात्रा का समापन मुजफ्फरपुर जिले में किया। तेजस्वी यादव ने मुजफ्फरपुर जिले के मुजफ्फरपुर, कांटी, बारूराज, पारू और साहिबगंज के कार्यकताओं से मुलाकात कर उनका फीडबैक लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार यात्रा के प्रथम चरण में शाहाबाद रेंज का कर रहे हैं दौरा तेजस्वी की आभार यात्रा के संपन्न होते ही राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा अपनी बिहार यात्रा पर हैं। उपेंद्र कुशवाहा बिहार यात्रा के पहले चरण में 25 सितम्बर को अरवल व औरंगाबाद, 26 को औरंगाबाद व रोहतास, 27 को रोहतास व भोजपुर और 29 को सारण में अपने पहले चरण की यात्रा का समापन करेंगें।आज वे रोहतास पहुंचे है।



## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की



**ताशकंद/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को भारत के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को ताशकंद में भारत के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले सीतारमण ने अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान समरकंद स्टेट यूनिवर्सिटी का दौरा भी किया। इसके अलावा उन्?होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24-28 सितंबर तक उज्बेकिस्तान की 5 दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वो एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। सीतारमण के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से मुलाकात की

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। उन्होंने गुटेरेस से भविष्य के लिए समझौते, बहुपक्षवाद में सुधार, एआई, जलवायु कार्रवाई, पश्चिम एशिया और यूक्रेन के मसलों पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स हैंडल पर मुलाकात का फोटो साझा करते हुए यह जानकारी दी। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलना और बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। इसके अलावा जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से भी मुलाकात की। विदेशमंत्री जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका में हैं। उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर दोनों से मुलाकात की।

## पर्यटन मंत्रालय देशभर के हवाई अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर पर्यटक फीडबैक तंत्र स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** पर्यटन विकास और उसकी वृद्धि में नागरिकों को शामिल करने के लिए पर्यटन मंत्रालय देशभर के हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर तंत्र विकसित कर रहा है, जिससे भारत में पर्यटक आकर्षणों और स्थलों की यात्रा पर पर्यटक अपनी प्रतिक्रिया दे सकेंगे। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर संबंधित बिंदुओं पर रखे गए क्यूआर कोड को स्कैन कर पर्यटक अपने अनुभवों की फीडबैक और रेटिंग कर सकेंगे। पर्यटकों को अपना अनुभव साझा करने में करीब 30 सेकेंड का समय लगेगा। पर्यटकों की तरफ से मिले फीडबैक के आधार पर मंत्रालय विभिन्न हितधारकों के सहयोग से उन मुद्दों को लेकर काम करेगा। मंत्रालय के मुताबिक यह फीडबैक पर्यटन विकास के लिए डेटा और अंतर्दृष्टि का समृद्ध स्रोत भी साबित होगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और रेल मंत्रालय की मदद से पर्यटन मंत्रालय देशभर के हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर क्यूआर कोड की स्थापना कर रहा है।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य को लंबित धनराशि जल्द जारी करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने तमिल मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने का भी अनुरोध किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। उन्होंने कहा, 'मैंने प्रधानमंत्री मोदी से तीन महत्वपूर्ण अनुरोध किए हैं। मैंने उन्हें हमारे अनुरोधों को सूचीबद्ध करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है।' उन्होंने कहा कि जिस तरह केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर चेन्नई मेट्रो के पहले चरण को लागू किया, उसी तरह चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण को भी लागू किया जाना चाहिए। यह हमारा रुख है।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक पसंदीदा वैश्विक पर्यटन स्थल है। यहां सभी मौसमों के लिए पर्यटन उपलब्ध हैं। उन्होंने वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी, पर्यटन मंत्रालय में सचिव वी. विद्यावती और अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि आध्यात्मिकता, उत्कृष्टता, ज्ञान, वेद और 5,000 साल पुरानी सभ्यता के लोकाचार की भूमि से पर्यटक पूरे साल, सभी मौसम का अनुभव कर सकते हैं। आर्थिक विकास के इंजन के रूप में पर्यटन, भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की महत्वपूर्ण क्षमता रखता है।



उपराष्ट्रपति ने वैश्विक शांति, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया करते हुए कहा कि पर्यटन मानवता के बंधनों को जोड़ता है, जिसकी आज की दुनिया में बहुत जरूरत है। उन्होंने पर्यटन को भारत की डिजिटलीकरण क्रांति की सफलता की कहानी का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने तीन प्रमुख क्षेत्रों अर्थव्यवस्था में व्यापक योगदान, कार्यबल को बेहतर बनाना और रोजगार पैदा करने पर प्रकाश डाला, जिन पर पर्यटन का प्रभाव पड़ेगा।

### पीएम मोदी पर्यटन के सबसे बड़े राजदूत

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और उन्हें पर्यटन का सबसे बड़ा राजदूत बताया। उन्होंने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप में कुछ ही पल बिताए और पूरी दुनिया को इसके बारे में पता चल गया।' उन्होंने पर्यटन, बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष के रूप में अपने अनुभव पर विचार करते हुए उन्होंने कहा, 'यदि आप मेघालय जैसे स्थान पर जाएं, तो आप वहां के पानी की शुद्धता देखकर आश्चर्यचकित हो जाएंगे; आप एक ऐसे गांव को देखकर आश्चर्यचकित हो जाएंगे जो इतना पर्यावरण-अनुकूल है। यह इस बात का उदाहरण है कि भारत ने केवल दस वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं।'

### समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का किया उल्लेख

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसके वैश्विक आकर्षण का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा, 'यूनेस्को ने 45 विरासत स्थलों को सूचीबद्ध किया है, लेकिन वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है। दुर्गा पूजा, गणेश चतुर्थी और दिवाली जैसे हमारे त्योहार आकर्षण हैं जो दुनिया भर से पर्यटकों को प्रभावित करते हैं।' उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन, जिसमें 200 से अधिक विदेशी प्रतिनिधिमंडल भारत आए, उन्होंने भारत के व्यंजनों, सांस्कृतिक संपदा और पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया, जिससे व्यापक प्रशंसा मिली। उन्होंने जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करने और विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों में परिणाम उत्पन्न करने के लिए टास्क फोर्स के गठन को प्रोत्साहित किया।

### अंतरराष्ट्रीय सामरिक सहभागिता कार्यक्रम को किया संबोधित

# वैश्विक बदलावों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि शांति की स्थापना मजबूत स्थिति में ही संभव है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति सतत विकास के लिए आश्वासन है, अस्तित्व का एकमात्र रास्ता है। लेकिन भू-राजनीतिक विन्यास और संघर्षों ने सुरक्षा परिदृश्य में व्यापक बदलाव किया है।



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आज नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में अंतरराष्ट्रीय सामरिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टेप) के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए वैश्विक शांति और सतत विकास के बीच मूलभूत संबंध पर जोर दिया। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि विश्व मामलों की वर्तमान स्थिति सुरक्षा के लिए एक नए दृष्टिकोण की मांग करती है।

वैश्विक सुरक्षा परिप्रेक्ष्य को बदलने वाले गतिशील भू-राजनीतिक बदलावों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि बहुपक्षीय भागीदारी अब वैकल्पिक नहीं रह गई है, बल्कि साइबर अपराध और आतंकवाद से लेकर जलवायु परिवर्तन और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों तक के आधुनिक खतरों से निपटने के लिए आवश्यक है।

तकनीकी प्रगति के महत्व को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मशीन लर्निंग जैसी उभरती हुई तकनीकें वैश्विक नेरेटिव को आकार देने और गलत सूचनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। धनखड़ ने कहा, 'हानिकारक नेरेटिव को बेअसर करने के लिए विघटनकारी तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए, जिनमें तथ्यात्मक आधार की कमी हो सकती है, लेकिन खतरनाक वैश्विक वातावरण बनाने की क्षमता होती है।'

## बिहारी छात्रों के साथ मारपीट की घटना असहनीय : किरेन रिजिजू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बिहार से परीक्षा देने गए छात्रों के साथ मारपीट घटना की केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की भी आलोचना की है। गुरुवार को हुई इस घटना से संबधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसपर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। शुक्रवार को अपनी पोस्ट में किरेन रिजिजू ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में बिहार के छात्रों पर क्रूर हमले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।' उन्होंने कहा कि 'टीएमसी के नेतृत्व में इस तरह की हिंसा खतरनाक रूप से आम हो गई है। छात्रों के खिलाफ इस हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।'

दरअसल, सिलीगुड़ी में बिहार से परीक्षा देने गए छात्रों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। ये घटना सिलीगुड़ी में हुई जहां बिहार के कुछ छात्र, स्टाफ सलेक्शन कमीशन (एसएससी) की परीक्षा देने के लिए एक होटल में रुके हुए थे। घटना के बाद सोशल मीडिया पर इससे संबंधित वीडियो वायरल हुई है। जिसमें आरोपित बिहार के दो छात्रों से कह रहा है कि वे बिहार से पश्चिम बंगाल में परीक्षा देने क्यों आए। उसने जबरन दोनों से उठक-बैठक करवा कर माफी मंगवाई। एक अन्य शख्स दोनों छात्रों को धमका रहा है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज तेलंगाना का दौरा करेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को तेलंगाना का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, एक दिवसीय प्रवास के दौरान राष्ट्रपति हैदराबाद में नालसार विधि विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। वे सिकंदराबाद के राष्ट्रपति निलयम में भारतीय कला महोत्सव 2024 का भी उद्घाटन करेंगी। आठ दिवसीय कला महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की कला, संस्कृति, शिल्प और पाक विविधता का प्रदर्शन किया जाएगा।

## फर्जी दस्तावेज के साथ बांग्लादेशी पोर्नस्टार रिया बर्डे ठाणे से गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में हिंदू नाम से रहने वाली बांग्लादेशी पोर्नस्टार रिया बर्डे को फर्जी दस्तावेज के साथ भारत में रहने के आरोप में हिल लाईन पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम रिया के भाई और बहन की तलाश कर रही है। मामले की छानबीन कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि रिया के बारे में गोपनीय जानकारी उसके ही मित्र प्रशांत मिश्रा ने दी थी। इसके बाद रिया और उसके परिवार के कागजपत्र की तलाश की गई । इसके बाद रिया बर्डे पर झूठे दस्तावेज के आधार पर भारत में रहने के मामले में बीती रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मामले में रिया के अलावा उनकी मां अंजलि बर्डे उर्फ रूबी शेख, पिता अरविंद बर्डे, भाई रवींद्र उर्फ रियाज शेख और बहन रितु उर्फ मोनी शेख को भी आरोपित बनाया है।

हिललाइन पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार रिया कई प्रोडक्शन हाउस से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने कई पोर्न फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा रिया को पॉर्न इंडस्ट्री में आरोही के नाम से भी जाना जाता है। जांच में पता चला कि बांग्लादेश निवासी रिया की मां अंजलि अपनी दो बेटियों रिया और बेटे के साथ भारत में अवैध रूप से रह रही थी। रिया की मां ने अमरावती के रहने वाले अरविंद बर्डे से शादी की, खुद को पश्चिम बंगाल का निवासी बताया और बाद में अपने और अपने बच्चों के लिए जाली जन्म प्रमाण पत्र और अन्य जाली दस्तावेजों के जरिए भारतीय नागरिकता पासपोर्ट प्राप्त कर लिया। जांच में यह भी पता चला कि रिया की मां और पिता दोनों फिलहाल कतर में रह रहे हैं, जबकि पुलिस उसके भाई और बहन की भी तलाश कर रही है। रिया को पहले मुंबई पुलिस ने वेश्यावृत्ति से जुड़े एक मामले में अनैतिक तस्करी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था।

### फड़णवीस के मंत्रालय स्थित कार्यालय में अज्ञात महिला ने की तोड़फोड़

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के मंत्रालय स्थित कार्यालय में एक अज्ञात महिला ने तोड़फोड़ की। मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर मामले की छानबीन कर रही है। अभी तक तोड़फोड़ करने वाली महिला का सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है। इस घटना के बाद मंत्रालय की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान लगने लगे हैं। मंत्रालय के सीसीटीवी के अनुसार अज्ञात महिला गुरुवार की शाम को सचिव गेट से मंत्रालय में दाखिल हुई थी। इसके बाद महिला ने मंत्रालय के छठवीं मंजिल पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के कार्यालय में जाकर तोड़फोड़ की। इसके बाद महिला ने नारेबाजी भी की और कार्यालय में लगी देवेंद्र फड़णवीस की नेमप्लेट भी उखाड़ दी। इसके बाद महिला मंत्रालय से चली गई। हालांकि, मंत्रालय में तोड़फोड़ की पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## एनसीआरटीसी ने यूआईसी सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में जीते दो पुरस्कार

एजेंसी

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित यूआईसी सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए सर्वश्रेष्ठ ट्रांजिट पुरस्कार और वैश्विक प्रविष्टियों के बीच ओवरऑल विनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सस्टेनेबल डवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) द्वारा प्रस्तुत ये प्रतिष्ठित पुरस्कार, सस्टेनेबिलिटी और इनोवेटिव सार्वजनिक पारगमन प्रणालियों के लिए एनसीआरटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को मान्यता प्रदान करता है।

एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने यहां बताया कि प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने परिवहन प्रौद्योगिकी के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले, इनोट्रांस 2024, में इन पुरस्कारों को प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंटरनेशनल

- निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए सर्वश्रेष्ठ ट्रांजिट पुरस्कार और ओवरऑल विनर पुरस्कार जीता



यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) द्वारा सतत विकास फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा, 'ये पुरस्कार एनसीआरटीसी के व्यापक मल्टीमॉडल एकीकरण के अभिनव दृष्टिकोण का प्रमाण हैं, जो आरआरटीएस स्टेशनों को मौजूदा सार्वजनिक परिवहन साधनों जैसे मेट्रो, बसों और रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ विभिन्न फर्स्ट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी विकल्पों से जोड़ता है। यह हमारे यात्री-केंद्रित दृष्टिकोण और उन्नत तकनीकी समाधानों को अपनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को भी रेखांकित करता है।

शलभ गोयल ने कहा कि यूआईसी सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में एनसीआरटीसी द्वारा दो पुरस्कार जीतना, शहरी गतिशीलता पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव और सार्वजनिक परिवहन में नवाचार एवं स्थिरता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनसीआरटीसी की यह उपलब्धि राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भविष्य की शहरी पारगमन परियोजनाओं के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है।

**पर्यटन** विदेशी सैलानियों को मातृ भाषा में मिलेगी बौद्ध तीर्थ स्थलों की जानकारी

# बौद्ध सर्किट में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की कवायद शुरू

एजेंसी

**कुशीनगर।** बौद्ध देशों के पर्यटक अपने देश के भीतर स्वयं की मातृ भाषा में भारतीय बौद्ध सर्किट के तीर्थ स्थलों को जान समझ सकेंगे। अब तक पर्यटक अंग्रेजी भाषा में ही बौद्ध तीर्थस्थलों के संबंध में जानकारी पाते थे। केंद्र और राज्य का पर्यटन विभाग बौद्ध देशों में सक्रिय हो गया है। सरकार की इस योजना से बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

इसके लिए देश और प्रदेश सरकार ने बौद्ध देशों के कलाकारों, मीडिया, टूर ट्रैवल्स आपरेटरों को भारत आमंत्रित कर



बौद्ध सर्किट का दौरा कराना शुरू कर दिया है। छह सितंबर को बतौर अतिथि वियतनाम की मीडिया और टूर ट्रैवल्स आपरेटर के संयुक्त दल ने कुशीनगर का दौरा किया था। इस क्रम में शुक्रवार को कोरियाई कलाकारों के दल ने कुशीनगर का दौरा पूरा कर सारनाथ के लिए रवाना हुआ।

**विदेशी पर्यटन कारोबारी, मीडियाकर्मी, कलाकार अपनी मातृ भाषा में वीडियो, फोटो, दृश्य आदि प्रमुख मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया साइट तथा चैनल आदि पर अपलोड करेंगे तो पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा और भारतीय बौद्ध सर्किट में उनकी संख्या बढ़ेगी।**

विदेशी पर्यटन कारोबारी, मीडियाकर्मी, कलाकार अपनी मातृ भाषा में वीडियो, फोटो, दृश्य आदि प्रमुख मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया साइट तथा चैनल आदि पर अपलोड करेंगे तो पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा और भारतीय बौद्ध सर्किट में उनकी संख्या बढ़ेगी।

कोविड 19 के दौर के बाद बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। विशेषकर मंदी के चलते जापान के पर्यटकों की संख्या आंशिक और राजनयिक कारणों से चीन के पर्यटकों की संख्या शून्य हो गई है। ऐसे में बौद्ध सर्किट का पर्यटन थाइलैंड, वियतनाम, ताइवान, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, म्यांमार, लाओस और भूटान के पर्यटकों पर केंद्रित हो गया है। सरकार नवीन नीति के माध्यम से इन देशों के पर्यटकों को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने में मदद कर रही है और बुद्ध के जीवनकाल के दौरान उनके पदचिह्नों से अवगत कराकर उन्हें आकर्षित कर रही है।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बौद्ध सर्किट में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़े, इस दिशा में प्रदेश और केंद्र की सरकार बौद्ध देशों के भीतर अनेक योजनाओं पर कार्य कर रही हैं। वियतनामी और कोरियाई दलों का आना इसी योजना के तहत हुआ है।

## भारत-ओमान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह का समापन

एजेंसी

**जयपुर।** भारत-ओमान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह का 5वां संस्करण 26 सितंबर को समाप्त हुआ। ओमान के रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित समापन समारोह में भारतीय राजदूत अमित नारंग और भारतीय रक्षा अताशे कैप्टन हरीश श्रीनिवासन उपस्थित थे। ओमान की ओर से 11वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड, ओमान रॉयल आर्मी के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्दुलकाधिम बिन इब्राहिम अल-अजमी और फ्रंटियर फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मसूद मुबारक अल-गफरी ने समापन समारोह में भाग लिया।

पीआरओ (सैन्य) अमिताभ शर्मा ने बताया कि समापन समारोह से पहले भारतीय सेना और ओमान रॉयल आर्मी की सैन्य टुकड़ियों के द्वारा एक भव्य संयुक्त लाइव-फायर का प्रदर्शन किया गया, ताकि संयुक्त राष्ट्र शासनादेश के तहत शांति स्थापना अभियानों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए दोनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और अंतरसंचालनीयता को प्रदर्शित किया जा सके। यह प्रदर्शन जिसमें दोनों देशों के करीब 60 सैनिकों ने भाग लिया, दो सप्ताह तक चलने वाले द्विपक्षीय अभ्यास का यह एक उपयुक्त निष्कर्ष था। प्रदर्शन में भारतीय और ओमानी सैनिकों की एक संयुक्त सेना द्वारा रेगिस्तानी इलाके में एक गांव को आइसोलेट करना और खाली करना, उसके बाद हाउस क्लीयरेंस का अभ्यास और बंधकों को छुड़ाना भी शामिल था।

# भाजपा विचार का मंत्र और मजबूत संगठन तंत्र के बल पर सरकार के कार्य को पहुंचाए जनता तकः डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल

## सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिदिन नियमित रूप से दें अपना समयः मदन राठौड़

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि विचार का मंत्र और मजबूत संगठन तंत्र के बल पर डबल इंजन की सरकारों द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों को जनता तक पहुंचाए। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ अग्रवाल ने आज कार्यालय में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, के साथ मीडिया, सोशल और आईटी विभागों की अलग-अलग बैठकें लेकर कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि हमारे विचार का वैशिष्ठय अलग है जिसे देश और दुनिया आज स्वीकार कर रही है। राजनीतिक दल के रूप में भी हमारी एक अलग पहचान है, क्योंकि हमारे यहां परिवार का संगठन नहीं, संगठन ही एक परिवार है।

बैठकों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान विचार की दृष्टि से उर्वरा भूमि है। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और संकल्पबद्धता से ही हमें लगातार जनसमर्थन मिलता रहा है। सरकार बनने के बाद कार्यकर्ता के पास दौहरी जिम्मेदारी आ जाती है, एक ओर उसे अपना संगठन मजबूत करना है वहीं जनता की अपेक्षाओं के अनुसार सरकार से काम करवाना है। उन्होंने आ''ान किया कि सदस्यता अभियान के लिए दूसरे चरण में प्रतिदिन नियमित रूप से अपना समय दें और संपर्क संवाद के माध्यम से संगठन के विचार और सरकार के काम को जनता तक पहुंचाते हुए सदस्य बनाए। प्रदेश पदाधिकारी बैठक में महामंत्री दामोदर अग्रवाल, जितेंद्र गोठवाल, श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, चुन्नीलाल गरासिया, मुकेश दाधीच, सीआर चौधरी, प्रभुलाल सैनी, सरदार अजयपाल सिंह, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भूपेंद्र सैनी, अजीत मांडल, डॉ महेंद्र कुमावत, स्टेफी चौहान, अनुसुईया गोस्वामी, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, रजनीश चनाना सहित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे। प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के अलावा हुई बैठकों में महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी, प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी पिंकेश पोरवाल, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हिरेंद्र कोशिक और आईटी संयोजक अविनाश जोशी सहित प्रदेश प्रवक्ता, पेनेलिस्ट एवं संबंधित विभागों के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय वैटलिफ्टिग में केसरपुर का परचम।



**चमकता राजस्थान। अलवर/ भरतपुर (राजवीर सिंह)।** 68वी जिला स्तरीय 17/19वर्षीय वैटलिफ्टिग प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने परचम लहरा दिया है।संस्था प्रधान नूतन सैनी ने बताया कि छात्रा अंजना ने 71किलो भार वर्ग में कुल 122किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता वही 45किलो भार वर्ग में संजना ने 58 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल की।छात्र वर्ग में अरबाज ने 55 किलो भार वर्ग में 66 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। दो स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक सहित कुल तीन पदक जीत कर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। शाला परिवार की और से विजेता छात्र छात्राओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।शारीरिक शिक्षिका नीरू यादव का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम के दौरान ओम प्रकाश वर्मा व्याख्याता,गुलाब चंद, ज्योति मामोडिया,ममता शर्मा,ममता भदौरिया,पिस्ता बाई,पुष्पलता सहित छात्र छात्राओं के परिजन उपस्थित रहे।गौर तलब है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन आदिनाथ पब्लिक स्कूल,अलवर में किया गया था।

### पर्यावरण को संरक्षित करने वाले पुष्पेन्द्र गारूवाल को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित




**चमकता राजस्थान। करौली।** सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए करौली जिले में सरकारी परिसरों, थानों, तहसील, पुलिस चौकी, शहीद स्मारक, मंदिर जीएसएस, शमशान घाट सहित सार्वजिक स्थानों पर पौधे लगाने के साथ, अब तक कई बार रक्तदान व रक्तदान शिविर कराने में सराहनीय कार्य करने पर जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने गांव करई निवासी पुष्पेन्द्र गारूवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पौधरोपण अभियान में न केवल हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में भूमिका निभाई बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई है जो प्रेरणादायक है। वही आने वाले पीढ़ियों के लिए एक अच्छा हरा भरा पर्यावरण सुनिश्चित किया हैं। पूर्व मे पुष्पेन्द्र गारूवाल रक्तदान और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला प्रशासन करौली द्वारा हो चुके हैं सम्मानित।

### बैठक का आयोजन



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक। श्रीनगर।** दिशा आर. सी. डी. समाज सेवी संस्था तथा यूनिसेफ़ के संयुक्त तत्वावधान में राजीविका के साथ मिलकर श्रीनगर के क्लस्टर स्तर पर पोषण माह के अन्तर्गत जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया ।जिसने दिशा संस्था से श्री नगर ब्लॉक समन्वयक श्री आकाश द्वारा श्री क्लस्टर स्तरीय स्टाफ तथा महिलाओं को संबोधित करते हुए अनीमिया के बारे में जानकारी दी गई जिसने मुख्य रूप से अनीमिया आधारित लक्षण, रोकथाम, एवं बचाव के उपाय के साथ ही अनीमिया को कम कर एक स्वस्थ समाज निर्माण करने पर चर्चा रही ।जिसने मुख्य रूप से श्री नगर क्लस्टर के सभी स्वयं सहायता समूह तक अनीमिया दूर करने के संदेश को पहुँचाने का आ''ान किया गया । कार्यक्रम में राजीविका के क्लस्टर इंचार्ज मौजूद रहें ।सीएम पिंकी रावत, अकाउंटेंड मोनू गुर्जर, सीसी सलोनी जी समस्त कैडर स्टाफ व राजीविका से महिला मौजूद रही।

## खेतो में भरे पानी की समस्या को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखा पत्र

### किसानों ने टंकी पर चढ़कर आत्महत्या, धरना प्रदर्शन, रोड़ जाम करने की दी चेतावनी

चमकता राजस्थान

**वैर(राजवीर सिंह)।** वैर हलैना रोड़ सीर सरकार वार्ड नं 25 में भरे हुए पानी की निकासी तीन दिवस में नही होने पर धरना प्रदर्शन, वैर हलैना रोड़ जाम, पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या करने को लेकर राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री से खेतो में भरे हुए पानी से निजात दिलाने के लिए पत्र के माध्यम से मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वैर हलैना रोड़ मुहारी मोड़ सीर सरकार वार्ड नं 25 की आबादी खातेदारी की जमीन पर घर बसे हुए हैं जिनके पास से रास्ता हलैना रोड़ निकल रहा है। उस रास्ते पर कमलैन पुत्र मुरली सैनी ने अवैध रूप से दुकान बनाकर आगे मिट्टी डालकर पानी की निकासी को बंद कर दिया है। जिससे पानी की निकासी बंद हो गई है। लगभग दो माह से पानी की निकासी न होने से बने हुए मकानों में दरारें पड़ चुकी है मकानों में रहने वाले लोगों को हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है न जाने कब जान माल की हानि हो जाए। खेतों में भरे पानी से 250 बीघा ज्वार, बाजरा की फसल पूर्णतया नष्ट हो चुकी है। 250 बीघा अमरूद की बागवानी गल चुकी है। वैर हलैना रोड़ सड़क के ऊपर से पानी निकल रहा है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो माह से दुर्गंधयुक्त पानी भरे होने के कारण महावारी फैलने की संभावना बनी हुई है। कई बार उपखण्ड अधिकारी,तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी से शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।आज तक संबंधित प्रशासन अधिकारियों ने जल निकासी के लिए कोई उचित कार्यवाही नहीं की। गंभीर समस्या को देखते हुए किसानों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अपनी शिकायत अमल करने के लिए पत्र के माध्यम से मांग करनी पड़ी है।किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी मांग नही सुनी तो हम तीन दिन के अंदर रोड जाम, धरना प्रदर्शन, टंकी पर चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने राजिक फर्शीवाला को कराया पद भार ग्रहण

चमकता राजस्थान




**जयपुर/ दिल्ली (खलील कुरैशी)** भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और मौजूदा मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अन्नय समर्थक राजिक फर्शीवाला के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग मे राष्ट्रीय सलाहकार बनने के बाद राजधानी दिल्ली स्थित सी. जी.ओ.काम्प्लेक्स में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के कार्यलय मे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इ×कबाल सिंह लालापुरा ने राजिक ×फर्शीवाला को कार्यलय विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य का दायित्व सौंपा गौरतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष इक़बाल सिंह लालपुरा ने नवनियुक्त सदस्य राजिक फर्शीवाला का मुँह मीठा करवाकर एवं गुलदस्ता देकर आत्मीयता स्वागत भी किया!इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय कार्यलय में बड़ी संख्या में इंदौर से राजिक ×फर्शी वाला के इष्ट मित्र और उनके समर्थक भी उपस्थित थे जिन्होंने राजिक फर्शीवाला का गर्मजोशी से इस्तकबाल कर शुभकामनाएं प्रेषित की इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा का आभार व्यक्त किया।

### झुंझुनू जिले में थाना सिंघाना पुलिस की कार्रवाई

## घर में घुस गोली मार कर महिला की हत्या में 30 हजार के दो इनामी जयपुर से गिरफ्तार

- **मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव रेंज स्तर पर व सहयोगी सर्किल स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में है शामिल**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/झुंझुनू,!(खलील कुरैशी) 27 सितंबर।** झुंझुनू सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में 18 सितंबर की शाम घर में घुसकर एक महिला सज्जना देवी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने 20 हजार के इनामी मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव उर्फ बच्चिया पुत्र हरफूल सिंह (28) निवासी सातडिया थाना सिंघाना एवं सहयोगी बदमाश नौरंग लाल यादव पुत्र गुरुदयाल (45) निवासी कलाखरी थाना सिंघाना को जयपुर में निवारू रोड पर नांगल पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में घटना के बाद सभी आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए हैं एसपी शरद चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में 19 सितंबर को श्यामपुर निवासी जितेंद्र जाट ने रिपोर्ट दी कि कल शाम हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव और उसके साथियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसकी सास सज्जना देवी निवासी खानपुर के घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान सीओ बुहाना नोपाराम भाकर द्वारा शुरू किया गयएसपी चौधरी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों विकास उर्फ कोला, आकाश उर्फ जेडी, सतीश उर्फ मुसिया व मोनू उर्फ मोनूपाल को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी उमेश यादव व सहयोगी नौरंग लाल की तलाश एसएचओ सिंघाना कैलाश चंद यादव व उनकी टीम ने गुढ़ा, उदयपुरवाटी, खंडेला, श्रीमाधोपुर, रींगस, गोविंदगढ़, चोमू व हरमाड़ा में की।इसी दौरान मुखबिर से आरोपियों के निवारू रोड इलाके में होने की सूचना मिलने पर टीम द्वारा वहां पहुंच होटल -ढाबों इत्यादि सभी जगह तलाश की। नांगल पुलिया के पास से 20 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव व उसके साथी 10 हजार के इनामी नौरंग लाल को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में एसएचओ कैलाश चंद यादव की विशेष भूमिका रही, टीम में एएसआई धूड सिंह, कांस्टेबल सुशील कुमार व विक्रम शामिल थे एसपी चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार इनामी हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव रेंज तथा सहयोगी रिश्तेदार नौरंग लाल सर्किल व थाना स्तर पर टॉप 10 वांछित बदमाशों की सूची में शामिल है। उमेश के विरुद्ध थाना सिंघाना, खेतड़ी, चिड़ावा, सूरजगढ, खेतड़ी नगर, कुन्हाडी जिला कोटा व हरियाणा के लोहारू,सदर नारनौल व नांगल चौधरी में हत्या, चोरी, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी कर फर्जी कागज तैयार करने व मारपीट के करीब 2 दर्जन प्रकरण तथा नौरंग लाल के विरुद्ध थाना सिंघाना व हरियाणा के थाना शहर नारनौल में 4 आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

### जवाहर कला केंद्र पर आयोजित हुआ स्वच्छता कल्चरल फेस्ट का रंगारंग आयोजन

## जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देशन में "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम का हुआ भव्य आगाज

चमकता राजस्थान

**जयपुर !(खलील कुरैशी)27 सितंबर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं शुक्रवार को इसी के तहत जवाहर कला केंद्र में स्वच्छता कल्चरल फेस्ट के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें नुक्कड़ नाटक सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। स्वच्छता योद्धा काजल ने अपने गीतों से समां बांध दिया। स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर जयश्री पेरीवाल ने स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई। इसके साथ ही स्वच्छता में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। सांसद मंजू शर्मा, समिति अध्यक्ष रमेश चन्द सैनी, विकास बारेठ, दिनेश गौड़ और डॉ. मीनाक्षी शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, सहित नगर निगम ग्रेटर के उपायुक्त, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। स्वच्छता कल्चरल फेस्ट के अंतर्गत कालबेलिया नृत्य भवई नृत्य घूमर नृत्य कच्छी घोड़ी नृत्य, कालबेलिया नृत्य सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929